R.N.I. No.ÙPHIN/2010/39063

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

वर्ष : 11
अंक : 253
पृष्ठ : 8
मूल्य - 2 रुपये

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



3 डेल्टा वैरियेंटः बाहरी राज्यों से आने वाले पर विशेष नजर

लखनऊ, शनिवार, 26 जून 2021

ऑक्सीजन मामले में केजरीवाल के खिलाफ हो प्राथमिकी : कांग्रेस 8

## गृहनगर कानपुर पहुंच कर भावुक हुए कोविंद



**कानपुर देहात,ब्यूरो।** अपने गृहनगर के तीन दिवसीय दौरे पर आये राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गंतव्य पर पहुंचने से पहले कानपुर देहात जिले के झींझक रेलवे स्टेशन पर उतरे और पुराने मित्रों को याद कर भावुक हो गये।

श्री कोविंद की विशेष ट्रेन कानपुर देहात के रूरा और झींझक स्टेशन पर तय कार्यक्रम के अनुसार रूकी जहां उनकी मुलाकात उनके परिजनों और कुछ खास लोगों से हुई। झींझक स्टेशन पर उन्होने दिल छू लेने वाला संबोधन किया। पुराने दिनों की याद करते हुये श्री कोविंद ने भावुक अंदाज में कहा जिलाधिकारी कानपुर देहात मुझसे कह रहे थे कि आप एक बार आकर आशीर्वाद दे जाइए लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं आशीर्वाद देने नहीं बल्कि लेने आया हूं।

उन्होने कहा मेरे लिए यहां पर कुछ भी नया नहीं है मैं यहीं पर बड़ा हुआ हूं। बहुत सारी यादें यहां पर आने के बाद मुझे याद आ रही है। झींझक की गलियां,स्टेशन सब कुछ याद हैं। यह वही स्टेशन है जहां पर मैंने घंटों बैठकर ट्रेन का इंतजार किया है। जब मैं गांव परौंख से निकलकर कानपुर जाता था तो झींझक में एक मिठाई की दुकान होती थी जिसकी मिठाई का स्वाद मुझे आज भी याद है। आज जिस जगह पर मैं खड़ा हूं और आप को संबोधित कर रहा हूं ऐसे मुझे अपने दो अभिन्न मित्र बहुत याद आ रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा स्टेशन के पीछे एक मकान बना है जो हमारे मित्र बाबूराम बाजपेई जी का है लेकिन दुर्भाग्य देखिए आज हमारे मित्र मुझे छोड़कर इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं। एक मित्र हमारे रामविलास त्रिपाठी जी जो रसूलाबाद के रहने वाले थे वह भी मुझे छोड़ कर चले गए हैं ऐसे हमारी तमाम पुराने मित्र जिनसे सुख दुख का नाता का हमारा कुछ बीमारी, कुछ इस महामारी कोरोना के कारण मुझे छोड़ कर चली गई आज मैं यहां से खड़े होकर सबको श्रद्धांजलि देता हूं। कामना करता हूं उनके परिवार को ईश्वर सहनशक्ति दे और उनके आदर्श हमें प्रेरणा दें।रेलमंत्री पीयूष गोयल, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीत शर्मा, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल, दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस.सी.जैन तथा रेलवे बोर्ड एवं उत्तर रेलवे के अनेक वरिष्ठ अधिकारी रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे।

इससे पहले श्री कोविन्द दिल्ली के सफदरगंज स्टेशन से दोपहर करीब 12 बजे दि रॉयल प्रेसिडेंशियल ट्रेन से कानपुर के लिए रवाना हुये। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिये प्रेसिडेंशियल ट्रेन के आगे पायलट ट्रेन और पीछे बैकअप ट्रेन चल रही थी। शाम छह बजे कानपुर देहात के झींझक रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रपति ट्रेन से उतरे और वहां लोगों को संबोधित किया।

## भारत और अमेरिकी सेनाओं ने महत्वपूर्ण सामरिक गुर साझा किये

**नयी दिल्ली वार्ता।** वायु सेना और नौसेना ने अमेरिकी नौसेना के साथ मिलकर दो दिन तक समुद्र में गहन अभ्यास किया और एक दूसरे के साथ रणनीतिक महत्व के अनुभवों को साझा किया।दोनों के बीच यह एकीकृत द्विपक्षीय अभ्यास गुरूवार को हिन्द महासागर क्षेत्र में संपन्न हुआ जिसमें अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत रोनाल्ड रेगन ने अपने लड़ाकू विमानों के साथ हिस्सा लिया।इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री संचालन को बढाना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत बनाना है। इसमें एयर डोमिनेंस अभ्यास, उन्नत हवाई रक्षा अभ्यास , पनडुब्बी रोधी अभ्यास, सामरिक करतबाजी और डेक पर हेलिकॉप्टर संचालन शामिल था।नौसेना की ओर से अभ्यास में निर्देशित मिसाइल से लैस स्टील्थ विध्वंसक कोच्चि , निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट तेग, लड़ाकू विमान मिग 29 के, टोही विमान पी 8 आई, सीकिंग 42 बी और कामोव हेलिकॉप्टर शामिल हुए। वायु सेना के जगुआर और सुखोई -30 , अवाक्स प्रणाली और हवा से हवा में ईंधन भरने वाले विमानों ने अपने जौहर दिखाये। अमेरिकी वायु सेना की ओर से रोनाल्ड रेगन ने अपने लड़ाकू विमानों एफ 18, ई 2 डी एईडब्ल्यू एंड सी विमान तथा एएसडब्ल्यू हेलिकॉप्टरों और एरलिग बर्के श्रेणी के मिसाइल विध्वंसक यूएसएस हेल्सी आदि ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त- समाचार

### वायु सेना प्रमुख ने साइबर सुरक्षा को अभेद्य बनाने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली वार्ता।** सैन्य क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी के बढ़ते इस्तेमाल के मद्देनजर वायु सेना प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि चाक चौबंद साइबर सुरक्षा समय की जरूरत है।वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने आज यहां संपन्न पश्चिम वायु कमान के दो दिन के सममेल को संबोधित करते हुए सेना को इस बारे में आगाह किया। कोरोना महामारी के चलते मिश्रित माध्यम से आयोजित सम्मेलन में उन्होने गहन विश्लेषण और संक्रियात्मक यानी संचालन तैयारियों को उन्नत बनाने के उपायों, रखरखाव के तरीकों में सुधार और अभेद्य साइबर सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कमांडरों को सभी प्लेटफॉर्म्स, शस्त्र प्रणाली और परिसंपत्तियों की उच्च स्तर पर संक्रियात्मक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मारे नियम ट्विटर को मानने होंगः थरूर

**नयी दिल्ली वार्ता।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य एवं सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबद्ध संसद की स्थाई समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्विटर को भारत में काम करते हुए हमारे नियमों को मानना पड़ेगा।

श्री थरूर ने शुक्रवार को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद के ट्वीटर खाते को कुछ देर के लिए ब्लॉक किये जाने पर कहा कि ट्विटर ने उनका अकाउंट भी ब्लॉक किया है।


उन्होंने कहा सूचना - प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संसदीय समिति की अध्यक्ष के नाते ट्विटर इंडिया से रविशंकर प्रसाद का और मेरा अकाउंट ब्लॉक करने के बारे में स्पष्टीकरण मांगेगे। भारत में काम करते हुए उन्हें हमारे नियमों को मानना पड़ेगा ।

### सिसोदिया ने ऑक्सीजन की अधिक मांग के भाजपा के आरोपों को ख़ारिज किया

**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन आरोपों को ख़ारिज किया है जिसमें कहा गया है कि केजरीवाल सरकार गत अप्रैल में जरुरत से चार गुना ज्यादा ऑक्सीजन की मांग कर रही थी।श्री सिसोदिया ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों द्वारा एक तथाकथित रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा जा रहा है कि दिल्ली में अप्रैल में कोरोना के पीक के दौरान ऑक्सीजन की कमी नहीं थी और सरकार ऑक्सीजन की चार गुना ज्यादा मांग कर रही थी।

## स्मार्ट सिटी मिशनः उत्तर प्रदेश को मिला पहला स्थान

### प्रदेश के इन शहरों ने भी हासिल किया खास मुकाम



**लखनऊब्यूरो।** केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी परियोजना को लागू करने के मामले में उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान हासिल किया है। केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय के इंडिया स्मार्ट सिटीज प्रतियोगिता में यूपी ने बाजी मारी है। मध्य प्रदेश दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहा है। शहरों में इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला है।केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ टॉप पर रहा है।

बता दें कि स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना और अमृत योजना के छह साल पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को इन पुरस्कारों का ऐलान किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 जून 2015 को इन सभी योजनाओं को लॉन्च किया था।

इन पुरस्कारों के लिए राज्यों और शहरों को चुनने का आधार गवर्नेंस, सैनिटेशन, अर्थव्यवस्था, कल्चर, शहरी वातावरण, पानी और परिवहन को माना जाता है। लेकिन इस साल कोरोना प्रबंधन को भी इसमें जोड़ा गया। वहीं, शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इन पुरस्कारों का ऐलान करते हुए कहा कि हमने 2018 में इसकी शुरुआत की थी। इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट के जरिए शहरों को यह बताने का मौका मिलता है कि उनकी ओर से व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या नए प्रयोग किए गए हैं। इससे उन्हें पहचान मिलती है।

#### ऐसे शीर्ष पर पहुंचा यूपी

पूरे देश में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत फिलहाल 100 स्मार्ट सिटी पर काम किया जा रहा है। सरकार का चार हजार स्मार्ट सिटी विकसित करने का लक्ष्य है। यूपी में बनारस, कानपुर, आगरा, लखनऊ सहित 10 स्मार्ट सिटी हैं। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के मुताबिक, यूपी सभी राज्यों में पहला स्थान इसलिए प्राप्त किया, क्योंकि प्रदेश ने 10 स्मार्ट सिटी के साथ-साथ सात और स्मार्ट सिटी विकसित करने का काम कर रहा है। बाकी किसी भी राज्य ने अभी तक यह काम शुरू किया है। मंत्रालय ने बताया कि इन नये सात स्मार्ट सिटी नगर निगम में मेरठ, गाजियाबाद, अयोध्या, फिरोजाबाद, मथुरा, वृंदावन और शाहजहांपुर शामिल हैं। साथ ही यूपी के पहले से तय 10 स्मार्ट शहरों ने बेहतर काम किया है। साथ ही लखनऊ और गाजियाबाद ने पहली बार म्युनिसपल बॉन्ड जारी किए थे। इन वजहों से यूपी की रैंकिंग सबसे ऊपर मापी गई है।

#### इंदौर ने ऐसे हासिल किया मुकाम

इंदौर में 56 दुकानों की वजह से शहर में जाम लगा करता था। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इसे 56 दिन में पूरा किया गया। पैदल चलने के लिए फुटपाथ बना और बाजार में अब छह हजार की बजाय 15 हजार लोग आने लगे जिससे रेवेन्यू बढ़ा। इंदौर ने इंटिग्रेटेड कंट्रोल सेंटर बनाया जिसका फायदा प्रॉपर्टी और वाटर कलेक्शन में मिला। कोरोना काल में सीसीटीवी से पूरे शहर पर नजर रखने और ट्रैफिक मैनेजमेंट में मिल रहा है।

#### सूरत ने बनाई पहचान

सूरत स्मार्ट सिटी ने तो गंदे पानी को पीने लायक बनाकर उसे बेचा और रेवेन्यू हासिल की। रेवेन्यू आने से लोगों को टैक्स में फायदा दिया जा रहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय के इंडिया स्मार्ट सिटीज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश को पहला, मध्य प्रदेश को दूसरा और तमिलनाडु को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। स्मार्ट सिटी लीडरशिप पुरस्कार में वाराणसी दूसरे नम्बर पर रहा है जबकि अहमदाबाद पहले और रांची तीसरे स्थान पर है।

पानी के लिये देहरादून और वाराणसी संयुक्त विजेता घोषित किये गये है। वाराणसी को यह सम्मान असी नदी में पर्यावरण संरक्षण के लिये दिया गया है।

गौरतलब है कि स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना और अमृत योजना के छह साल पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को इन पुरस्कारों का ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जून 2015 को इन सभी योजनाओं को लॉन्च किया था।

### वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर का एलान

## कोरोना के इलाज में खर्च करने वालों को टैक्स में मिलेगी छूट

**नयी दिल्ली वार्ता।** देश में कोरोना मरीजों की मदद के लिए वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति कोरोना मरीजों के इलाज के लिए भुगतान करेगा उन्हें टैक्स में छूट दी जाएगी। अनुराग ठाकुर ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2019-20 या उसके बाद किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति की कोविड के कारण मृत्यु होने पर नियोक्ता द्वारा उसके परिवार को अनुग्रह राशि देने पर कर में छूट मिलेगी। हालांकि यह अनुग्रह राशि 10 लाख रुपये से अधिक की नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि टैक्स कटौती का क्लेम करने के लिए 1 अप्रैल तक किए जाने वाले निवेश को 30 सितंबर तक पूरा किया जा सकता है। टैक्स विशेषज्ञों का कहना है कि नई अधिसूचना कर्मचारियों के सैलरी के हिसाब से मिलने वाली टैक्स छूट से अलग है। इस पर अगले एक-दो दिन में ज्यादा जानकारी दी जाएगी।वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने एएनआई न्यूज एजेंसी को बताया कि महामारी के कारण कई लोग बेराजगार हो गए हैं। यहां तक कि इनमें से कई कोरोना महामारी के चपेट में आ गए और उन्हें बीमारी पर खर्च करना पड़ रहा है। इसलिए सरकार उन्हें टैक्स में छूट देना चाहती है। इसके तहत अगर कोई कंपनी कोरोना से मरने वाले कर्मचारी के परिवार को एक्स-ग्रेशिया पेमेंट करती है, तो उस रकम पर फाइनेंशियल ईयर 2019-20 और 2021-22 के लिए टैक्स नहीं लगेगा।

पैन-आधार की लिंकिंग की आखिरी तारीख बढ़ी

सरकार ने पैन और आधार को लिंक करने की आखिरी तारीख को तीन महीने के लिए आगे बढ़ा दिया है। यानी अब 30 सितंबर 2021 तक इन्हें लिंक किया जा सकता है। बता दें कि पहले इसकी डेडलाइन 30 जून तक के लिए थी।इसका एलान वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया। आप एसएमएस के जरिए, आयकर विभाग की वेबसाइट के जरिए और पैन सेवा केंद्र में जाकर लिंकिंग का कार्य कर सकते हैं। वहीं सरकार ने टैक्स पेयर को एक और राहत दी है जिसके तहत टीडीएस फाइल करने की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है।

## ईपीएफओ से अप्रैल में जुड़े छह लाख 89 हजार कर्मचारी

**नयी दिल्ली वार्ता।** अप्रैल 2021 के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में छह लाख 89 हजार से अधिक और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में 10 लाख 41 हजार नये कर्मचारी शामिल हुए हैं।सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां जारी रोजगार आंकड़ों में बताया कि अप्रैल 2021 में ईपीएफओ से कुल छह लाख 89 हजार 403 नये अंशधारक जोड़े गये हैं। इनमें चार लाख 99 हजार 483 पुरुष और एक लाख 89 हजार 906 महिला कर्मचारी हैं। इसके अलावा अन्य श्रेणी के पांच कर्मचारी भी ईपीएफओ में शामिल हुए हैं।




आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2017 से अप्रैल 2021 तक कुल चार करोड़ 26 लाख 80 हजार 737 नए अंशधारक ईपीएफओ में शामिल हुए हैं।ईएसआईसी में अप्रैल 2021 के कुल 10 लाख 41 हजार 087 नए अंशधारक शामिल किये गये हैं। इनमें से आठ लाख 35 हजार 105 नए अंशधारक पुरुष और दो लाख पांच हजार 956 महिलायें हैं। श्रेणी में 26 लोग शामिल हैं। सितंबर 2017 से अप्रैल 2021 तक पांच करोड नौ लाख 93 हजार 551 कर्मचारी ईएसआईसी में शामिल किये गये हैं।

राष्ट्रीय पेंशन योजना में अप्रैल 2021 में केंद्र सरकार की ओर से 9283 कर्मचारी शामिल हुए हैं। इनमें से 7750 पुरुष और 1533 महिलायें शामिल हैं। राज्य सरकार के ओर एक राष्ट्रीय पेंशन योजना में 33 हजार 458 नए कर्मचारी शामिल किये गये हैं। इनमें 21 हजार 313 पुरुष और 12 हजार 145 महिला कर्मचारी शामिल हैं। गैर सरकारी क्षेत्र की ओर से 13 हजार 103 कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन योजना में जोड़े गये हैं।

## कृषि मंत्री की किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील

**नयी दिल्ली वार्ता।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर से किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की है। तोमर ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि मैं सभी किसान संघों से अपना आंदोलन समाप्त करने का आग्रह करता हूं।कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर से किसानों से आंदोलन खत्म करने की अपील की है। तोमर ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि मैं सभी किसान संघों से अपना आंदोलन समाप्त करने का आग्रह करता हूं। सरकार ने उनके साथ 11 दौर की बातचीत की थी। कृषि विधेयक किसानों के जीवन में सुधार लाएगा। भारत सरकार ने एमएसपी बढ़ाने और एमएसपी पर अधिक खरीद की दिशा में काम किया है।

## दिल्ली सरकार ने ऑक्सीजन की मांग चार गुनी की थी : उपसमूह

**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली सरकार ने कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की मांग चार गुना अधिक की थी।

ऑक्सीजन ऑडिट के लिए शीर्ष अदालत की ओर से गठित उप-समूह का मानना है कि दिल्ली सरकार ने कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान तरल मेडिकल ऑक्सीजन की बढ़ा-चढ़ाकर मांग की और इसके लिए उसने आकलन का गलत फॉर्मूला अख्तियार किया।

उपसमूह की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने 25 अप्रैल से 10 मई के बीच कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की आपूर्ति चार गुना बढ़ाकर बतायी।



उप समूह की ओर से तैयार अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष आखिर क्यों 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति करने का केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया था। ऐसा प्रतीत होता हे कि दिल्ली सरकार ने गलत फॉर्मूला अपनाया और 30 अप्रैल को बढ़ा चढाकर दावे किये।

उप समूह में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक रणदीप गुलेरिया, दिल्ली सरकार के मुख्य गृह सचिव भूपिंदर भल्ला, मैक्स हेल्थकेयर निदेशक डॉ. संदीप बुद्धिराजा, जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुबोध यादव एवं पेट्रोलियम एवं ऑक्सीजन सुरक्षा संगठन (पेसो) के संजय कुमार सिंह शामिल हैं।सूत्रों ने बताया कि श्री भल्ला और डॉ बुद्धिराजा ने उप समूह की अंतिम बैठक में हिस्सा नहीं लिया था।इस बीच शीर्ष अदालत द्वारा गठित 12 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यबल ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को तरल मेडिकल ऑक्सीजन के आवंटन के मामले में अपनी सिफारिशें सौंप दी है।

### सियासी कवायद- शरद पवार का बड़ा बयान, बोले

## कांग्रेस के बिना नहीं होगा नया मोर्चा



**नयी दिल्ली वार्ता।** देश को नया राजनीतिक विकल्प देने की कवायद में काफी हद तक तेजी आई है। भारतीय जनता पार्टी से मुकाबले के लिए एनसीपी प्रमुख शरद पवार काफी सक्रिय भी दिखाई दे रहे हैं। परंतु नया मोर्चा कैसे और कब तक बनेगा, अभी यह कहना मुश्किल है। हालांकि पवार ने निकट भविष्य में किसी तरह का राजनीतिक गठबंधन होने से इनकार किया है।

क्या वह एक नए वैकल्पिक गठबंधन का चेहरा होंगे यह सवाल पूछे जाने पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने संवाददाताओं से कहा कि इस पर हमने चर्चा नहीं की है, लेकिन मुझे लगता है कि सामूहिक नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। मैंने वर्षों तक ऐसा किया लेकिन अभी मैं सभी को एक साथ रखने, उनका मार्गदर्शन करने और उन्हें मजबूत करने के लिए काम करूंगा।पवार ने कहा कि बैठक (राष्ट्र मंच की बैठक) में गठबंधन पर चर्चा नहीं हुई, लेकिन अगर कोई वैकल्पिक बल खड़ा करना है, तो यह कांग्रेस को साथ लेकर ही किया जाएगा।


## सपा ने आपातकाल को याद कर कांग्रेस को कोसा



**लखनऊ ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज कांग्रेस को कोसते हुये कहा कि भारत के इतिहास में आज ही के दिन 25 जून 1975 को देशभर में आपातकाल लगाने की घोषणा हुई थी।इसके साथ नागरिकों के सभी मौलिक अधिकार छिन गए थे, प्रेस पर सेंसरशिप बैठ गई थी और सत्ता विरोधियों के लिए न अपील, न दलील और नहीं वकील की तानाशाही व्यवस्था लागू हो गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अपने विरूद्ध जनाक्रोश को रोकने के लिए एक लाख लोगों को जेल की सलाखों के पीछे कैद करा दिया था।लोकतंत्र की उस काली रात की याद आज भी शरीर में सिहरन पैदा कर देती है। चारो ओर दहशत और आतंक का माहौल था। आज उत्तर प्रदेश में वैसी ही कुछ परिस्थितियों का संकेत मिल रहा है। जबसे भाजपा की डबल इंजन सरकार बनी है वह लोकतंत्र को कुचलने में लगी है। किसान, नौजवान, दलित, वंचित सभी तो बदहाली में जी रहे हैं। नए-नए कानून थोपकर विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिशें हो रही हैं। भाजपा लोकतंत्र को कुचलने में लगी है।आज फिर वैसी ही स्थितियां पैदा होती दिख रही हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर आंच आई है। समाज में भय और अराजकता का वातावरण है।

आपातकाल में उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र को बचाने के संघर्ष में जिनकी भागीदारी थी उनको सम्मानित करने का काम समाजवादी सरकार ने ही किया है। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को प्रतिमाह 15 हजार रुपए की पेंशन स्वीकृत कर उनके सम्मानपूर्ण जीवन निर्वहन की व्यवस्था की। राजकीय वाहनों से यात्रा, अपने साथ एक सहयोगी रखने, नि:शुल्क चिकित्सा के साथ मरणोपरांत राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि का भी प्रावधान किया गया और यह सब लोकतंत्र रक्षण अधिनियम बनाकर सुनिश्चित किया है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभी बिना देरी जनता तक पहुंचाएं: टंडन



**वाराणसी संवादाता।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने शुक्रवार को यहां कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

श्री टंडन ने शुक्रवार को जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थियों तक बिना विलंब एवं बगैर भ्रष्टाचार के प्राथमिकता के आधार पर पहुंचायें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंडन ने पिण्डरा विकास खंड सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों से कहा कि लाभार्थीपरक सरकारी योजनाओं एवं लाभार्थियों की संख्या आदि की पूरी जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को यथा शीघ्र उपलब्ध करायें तथा भविष्य में योजनाओं एवं उसके क्रियान्वयन की जानकारी पहले से ही जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई दी जाये।

उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा उनके फसल की खरीद प्राथमिकता पर हो। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के कार्यों को युद्ध स्तर पर करने तथा उन्हें समय से पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप खाद, बीज आदि की उपलब्धता समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में मौजूद संबंधित अधिकारियों ने जानकारी दी कि बीज वितरण योजना के तहत धान की 68.10 कुंटल प्राप्त बीज के सापेक्ष 65.10 तथा ढाईचा के 40 कुंटल प्राप्त सापेक्ष 40 कुंटल बीज का वितरण किसानों किया जा चुका है। पिण्डरा विकास खंड क्षेत्र के 7014 पंजीकृत किसानों के सापेक्ष 1292 किसानों को डीबीटी ट्रांसफर किये जा चुके हैं। गत वर्ष 1500 किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 2171 तथा इस वर्ष 2105 लक्ष्य के सापेक्ष 223 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं, 40268 किसान सम्मान निधि के लक्ष्य के सापेक्ष 36271 किसानों को निधि की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है।

इसी प्रकार से प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के तहत गत वर्ष 1235 लक्ष्य के सापेक्ष 1235 की स्वीकृति प्रदान करते हुए 1235 को प्रथम किस्त एवं 1185 को द्वितीय किस्त की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके साथ 484 आवास के कार्य हो चुके हैं तथा बाकी 751 निर्माणाधीन है, जो अगले माह जुलाई तक पूरा करा लिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत इस वर्ष 748 लक्ष्य के सापेक्ष 214 की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना के तहत गत वर्ष 190 के सापेक्ष 190 की स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी 190 को प्रथम किस्त एवं 183 को द्वितीय किस्त की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। जिसमें से 128 आवास पूर्ण हो चुके हैं तथा 62 निर्माणाधीन है। बाकी बचे कार्य शीघ्र पूर्ण करा करने के लक्ष्य के साथ काम चल रहा है। इस वर्ष 65 मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण के लक्ष्य के सापेक्ष शीघ्र ही चयन पूर्ण कर लिया जाएगा और चयनित लाभार्थियों को क़िस्त की धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी। पिण्डरा विकासखंड क्षेत्र के 15 गोवंश स्थलों पर रखे गए 983 गोवंशो में से 80 गोवंश को लोगों को पालन पोषण के लिए उपलब्ध कराया गया है।इससे पूर्व प्रभारी मंत्री आशुतोष टंडन ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत-नेहिया के मिठाई, परमशीला, श्रीदेवी, मंजू व वीरेंद्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत-ओदार के अरविंद यादव, बाडू प्रजापति, मेवा लाल, धर्मेंद्र एवं ग्राम पंचायत सहमलपुर की सुलेखा को स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराएं। ग्राम पंचायत-सहमलपुर गायत्री देवी, सरोज देवी, मालती देवी, सरिता देवी एवं कलावती देवी को पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना चाभी भेंट की।

## मंत्री आशुतोष टंडन ने वाराणसी में निभाई 'गोद भराई' की रस्म

**वाराणसी,संवादाता।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री आशुतोष टंडन ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 'गोद भराई' की रस्म निभाई।

जिले के विकास कार्यों की समीक्षा करने आये यहां के प्रभारी मंत्री श्री टंडन ने गंगापुर में आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन का निरीक्षण के बाद आंगनबाड़ी केंद्र में तीन महिलाओं की 'गोद भराई' की रस्म निभाई। उन्होंने यहां नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय की चाबी केयरटेकर को उपलब्ध कराई ।उन्होंने गंगापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो रहे कोविड टीकाकरण एवं अन्य चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोविड का टीका लगवा रहे कई लोगों से बात कर उनसे यहां की चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि सुगमता के साथ उनका टीकाकरण हुआ हैं।

# बगैर मास्क बैंक में प्रवेश करने पर गार्ड ने मारी गोली

**बरेली संवादाता।**उत्तर प्रदेश में बरेली जंक्शन मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में बगैर मास्क प्रवेश करने से आक्रोशित एक सुरक्षाकर्मी ने एक ग्राहक को गोली मार दी। हमलावर गार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस अधीक्षक नगर रविंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे राजेश कुमार बैंक के कार्य से शाखा पहुंचा था जहां सुरक्षाकर्मी केशव प्रसाद से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। इस दौरान केशव प्रसाद ने राजेश कुमार के गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल ग्राहक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गार्ड ने बगैर मास्क बैंक में प्रवेश से ग्राहक को रोका था जिसको लेकर उसकी कहासुनी हो गयी। हालांकि ग्राहक के होश में आने पर सच्चाई का पता चलेगा। बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक गीता भुसाल ने बताया कि पुलिस की फॉरेंसिक टीम सीसीटीवी फुटेज को चेक कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही घटना की वस्तुस्थिति का पता चलेगा।

बैंक में गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र रमित शर्मा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसपी सिटी रविंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पड़ताल शुरू कर दी है।

बैंक आफ बड़ौदा बरेली परिक्षेत्र के महाप्रबंधक अमर गुप्ता ने घटना पर खेद व्यक्त करते हुये कहा कि गार्ड और पीड़ित के बीच कथित विवाद के परिणामस्वरूप यह घटना हुयी। घायल को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वह खतरे से बाहर है। बैंक ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता (वित्तीय और अन्य) प्रदान की है। एक निजी सुरक्षा एजेंसी द्वारा तैनात किए गए गार्ड को तुरंत उसकी ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया है और उसे पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। बैंक अपनी जांच में पुलिस अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। हम बैंक के सुरक्षा अधिकारियों के माध्यम से एक आंतरिक जांच भी कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में भी ऐसी कोई आकस्मिक घटना न हो और ग्राहक सुरक्षा हमेशा सुनिश्चित हो।

## प्रयागराज में 22 दिनों में 108 शवों का हुआ दाह संस्कार

**प्रयागराजसंवादाता।** तीर्थराज प्रयाग में कोरोना संक्रमित शवों के अंतिम संस्कार के लिए अधिकृत फाफामऊ शमशान घाट पर शुक्रवार को 16 और शवों का दाह संस्कार करने के बाद नगर निगम ने अब तक कुल 108 शवों का दाह संस्कार कराया ।नगर निगम के जोनल अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज गंगा में लगातार बढ़ रहे जलस्तर के कारण घाट के किनारे रेती में दफनाए गये दिखलाई पड़ रहे शवों की संख्या बढ़कर अब तक 108 हो गयी है। इनमें दो शवों को छोड़कर शेष शवों का दाह संस्कार नगर निगम ने कराया।

श्री सिंह ने बताया कि शेष दो शवों में से एक शव को मुखाग्नि महापौर अभिलाषा नंदी गुप्ता ने जबकि दूसरे शव का अंतिम संस्कार निगरानी समिति के सदस्य एवं पार्षद कमलेश तिवारी ने किया है। शेष श्वों का दाह संस्कार उन्होंने स्वयं कराया है। उन्होने बताया कि गुरूवार को भी शाम तक 22 शवों को फाफामऊ घाट पर अतिम संस्कार कराया गया ।उन्होंने बताया कि गंगा के जलसस्तर में बढ़ोत्तरी होने से जिस रफ्तार से घाट पर कटान हो रही है उससे रेती में दफन किए और अधिक शव मिलने की आशंका है ।गौरतलब है कि कानपुर जलाशय से पांच चरणों में छोड़ा गया डेढ़ लाख क्यूसेक पानी शुक्रवार की रात या शनिवार की सुबह तक प्रयागराज पहुंचेगा इससे गंगा तट के श्मशान घाटों पर पानी बढ़ने की संभावना है।

## पुलिस ने 15 साल से फरार सजायाफ्ता कैदी को किया गिरफ्तार

**बलिया, संवादाता।** उत्तर प्रदेश की बलिया जिला पुलिस ने शुक्रवार को सेंट्रल जेल से 15 साल से फरार चल रहे सजायाफ्ता कैदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।पुलिस अधीक्षक डाक्टर विपिन ताडा ने बताया कि हल्दी क्षेत्र के गायघाट के रहने वाले अनिल सिंह को हत्या के मुकदमे में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वह सजा भुगतने के लिए सेंट्रल जेल वाराणसी में बंद किया गया था। उन्होंने बताया कि अनिल सिंह अप्रैल 2006 में जेल से फरार हो गया था ।उन्होंने बताया कि फरार कैदी को आज हल्दी पुलिस ने सूचना पर गायघाट डाकबंगले के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कंही जाने की फिराक में था।

## योगी सरकार किसान समर्थक है और उनका भरपूर सहयोग किया है-शाही



**सहारनपुर, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में कृषि मंत्री एवं सहारनपुर जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसान समर्थक है और कृषि क्षेत्र में किसानों को भरपूर सहयोग किया है।

श्री शाही आज यहां पार्टी पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने दावे के साथ कहा कि प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की चार साल की उपलब्धियों के सामने अखिलेश यादव और मायावती की सरकारों का कामकाज कहीं नहीं टिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने गेहूं, चावल, दलहन, तिलहन के न्यूनतम समर्थन खरीद मूल्य में लाभाकारी वृद्धि की।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने किसानों को उत्तम किस्म के बीज सस्ती दरों पर पर्याप्त मात्रा में खाद और सिंचाई के लिए पानी मुहैया कराया ।इससे प्रोत्साहित होकर उत्तर प्रदेश के किसानों ने खाद्यान्न का रिकार्ड उत्पादन कर देश में पहला मुकाम हासिल किया। श्री मोदी ने इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया ।श्री शाही ने कहा कि योगी सरकार किसान समर्थक है और कृषि क्षेत्र में सरकार ने किसानों को भरपूर सहयोग किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने 19 मार्च 2017 से 2021 तक 475-61 लाख मीट्रिक टन चीनी उत्पादन किया और 137820-96 करोड़ रूपए किसानों को भुगतान किया जबकि अखिलेश यादव सरकार ने 2012 से2017 की पांच साल की अवधि में 351-43 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन किया और 95215 का गन्ना मूल्य भुगतान किया। योगी सरकार ने 42605 करोड़ 96 लाख से अधिक का गन्ना मूल्य का भुगतान किया ।उन्होंने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश में 5611422-5 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई और 10019-559 करोड़ का किसानों को भुगतान किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष प्रदेश में 331417-02 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी।

कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को ऐतिहासिक रूप से सर्वश्रेष्ठ कानून व्यवस्था दी है ।लूट, अपहरण, फिरौजी, हत्या,डकैती, चोरी, दंगे-फसाद और अपराधियों के बोलबाले से जनता को राहत और सुकून एवं सुरक्षा प्रदान की।

श्री शाही ने नगर निगम द्वारा 17वें वित्त आयोग से प्राप्त 14 करोड़ से ज्यादा की धनराशि से शुरू की जाने वाली 44 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने मेयर संजीव वालिया और नगरायुक्त ज्ञानेंद्र सिंह की इस बात के लिए सराहना की कि सहारनपुर नगर में जल निकासी और साफ सफाई का बेहतर प्रबंध हुआ है। नागरिकों की सुविधा के लिए नालियों और नालों का निर्माण कराया गया है जबकि चार साल पहले नगर की स्थिति बेहद ही खराब थी।

## जलशक्ति मंत्री ने कहा विकास योजना में कोताही सहन नहीं



**मुरादाबाद, संवादाता।** उत्तर प्रदेश के जल शक्ति एवं प्रभारी मंत्री,ने आज कहा कि मुख्यमंत्री की विकास योजना में किसी तरह की कोताही सहन नहीं की जायेगी ।विकास खण्ड डिलारी में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास खण्ड परिसर में वृक्षारोपण, वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण, विकास परक योजना का शुभारंभ कर जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

जल शक्ति एवं प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह शुक्रवार सुबह सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद ठाकुरद्वारा तहसील के विकास खंड डिलारी पहुंचे , जहां उन्होंने ब्लॉक अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजना की जानकारी ली ।इसके बाद सभी विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए ।तत्पश्चात विकास खंड परिसर में पौधारोपण व वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया ।प्रभारी मंत्री ने टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवाने आए लोगों से संवाद भी किया। उन्होंने विकास परक योजना का शुभारंभ करने के साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। प्रभारी मंत्री प्रदेश सरकार के मंत्रियों के ब्लॉक स्तर पर प्रवास करने के तहत 28 जून तक मुरादाबाद जनपद में रहने का कार्यक्रम है, इस दौरान वह सभी आठ ब्लॉक में भ्रमण कर लोगों से संवाद करेंगे।

# सपा की जिला पंचायत अध्यक्ष उमीदवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**झांसी संवादाता।**उत्तर प्रदेश के झांसी में समाजवादी पार्टी (सपा) की जिला पंचायत अध्यक्ष पद की उम्मीदवार आशा कमल गौतम की गैस एजेंसी पर को छापा मारा गया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में सभी राजनीतिक दल जोर अज़्माइश कर रहे हैं और कल ही सपा ने इस पद पर आशा कमल गौतम को उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की थी वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसी पद पर पवन गौतम पर दांव खेला है। उम्मीदवारों के नाम की घोषणा के साथ ही चुनावी सरगर्मियां भी तेज हो गयीं। इसी बीच सपा उम्मीदवार की थाना कटेरा स्थित गैस एजेंसी पर छापा मारा गया और उम्मीदवार तथा उनके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और इसे सत्ता के दुरूपयोग की कवायद बताया। सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रशासन का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है। समाजवादियों पर झूठे मुकदमे लिखवाने की भय दिखाया जा रहा है परन्तु हम समाजवादी डरने वाले नहीं हैं। सपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है,शुक्रवार को नामांकन है और 3 जुलाई को सपा अपना जिला पंचायत अध्यक्ष बनाएगी।

एक स्थानीय होटल में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर होने वाले चुनावों को लेकर पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव की तिथि तय हो चुकी है और 26 जून को नामांकन शुरु हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार 14 नम्बर वार्ड बंगरा धवा की आशा कमल गौतम को घोषित कर दिया है। शुक्रवार को सपा उम्मीदवार का नामांकन भी किया जा रहा है। इससे पूर्व ही सपा उम्मीदवार व उनके पति पर कटेरा थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। पूर्व सांसद ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग डरते नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे 8 सदस्यों और 6 दूसरे दलों के सदस्यों के समर्थन से वह जिला अध्यक्ष पद पर सपा का परचम लहराएंगे। पंचायत चुनाव के नतीजों से भाजपा घबराई हुई है। सदस्य पद के चुनाव के बाद अध्यक्ष का चुनाव जानबूझकर टाला गया। पूरे प्रदेश में भाजपा का मुकाबला सीधे समाजवादी पार्टी से है। सपा ने आशा कमल गौतम को प्रत्याशी बनाया है। सरकार ने उन्हें दबाव में लेने के लिए वंश भारत गैस एजेंसी कटेरा पर छापा डलवाया। कोई कमी न मिलने के बाद भी धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया है। उन्होंने कहा इससे कोई फर्क पडने वाला नहीं, हमारा उम्मीदवार मैदान में है और हम जीत दर्ज करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व गरौठा विधायक दीपनारायण सिंह, पूर्व एमएलसी श्यामसुंदर सिंह, एमएलसी रमा निरंजन, पूर्व एमएलसी तिलक चन्द्र अहिरवार, जिलाध्यक्ष महेश कश्यप, महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, राकेश पाल, शकील खान, आरिफ खान के साथ ही पार्टी के आठ जिलापंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक संगीता चौहान करायेंगी 108 गांव में वृक्षारोपण

**अमरोहा, संवादाता।**उत्तर प्रदेश के अमरोहा में कल 26 जून को नौगांवा सादात विधानसभा से विधायक संगीता चेतन चौहान 108 गाँव में वृक्षारोपण करायेंगी ।वहीं हार्ट केयर फाउंडेशन द्वारा 108 गावों में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा बच्चों के दिल की बीमारी तथा आपरेशन की निशुल्क सुविधा 26 जून से शुरू की जाएगी।

अमरोहा के नौगावां सादात क्षेत्र से विधायक रहे इंडिया क्रिकेट टीम के ओपनर चेतन चौहान की यादें यहां से गहरे में लोगों से जुडी हुई हैं। हार्ट केयर फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से चल रहे वृक्षारोपण जिसमें विधायक नौगावां सादात श्रीमती संगीता चेतन चौहान द्वारा रोज़ाना वृक्ष लगाए जा रहे हैं । इसी क्रम में शनिवार 26 जून 2021 को विधायक संगीता चौहान कैलसा मण्डल में वृक्षारोपण करेंगी।



हार्ट केयर फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से नौगावां सादात विधानसभा के 108 गाँवों में हर एक गाँव से एक बच्चे का दिल का ऑपरेशन दिल्ली के अस्पताल में निःशुल्क किया जायेगा। 108 गांवों के युवाओं को निःशुल्क प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रतिदिन एक घंटे के लिए ऑनलाइन परामर्श भी दिया जायेगा । यह पूरा कार्यक्रम हार्ट केयर फ़ाउंडेशन ऑफ़ इंडिया व विधायक संगीता चौहान के सहयोग से सम्पन्न होगा ।वृक्षारोपण कार्यक्रम के अलावा क्षेत्र के लोगों को सरकार के निःशुल्क टीकाकरण अभियान के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है ।जिससे प्रेरित होकर लोग टीकाकरण में भाग ले रहे हैं ।

## जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का नामांकन आज

**देवरिया, संवादाता।**उत्तर प्रदेश के देवरिया में भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गिरीश तिवारी शनिवार को यहां कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पाण्डेय ने यहां बताया कि पार्टी के घोषित उम्मीदवार श्री तिवारी कल 26 जून को टाउन हाल में सुबह 10 बजे से चलकर 11 बजे कलेक्ट्रेट में नामांकन करेंगे। पार्टी के जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने बताया कि सभी जनप्रतिनिधि,पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 10 बजे टाउन हॉल परिसर में एकत्रित होंगे जहां से भाजपा प्रत्याशी गिरीश तिवारी के साथ निकलकर 11 बजे कलेक्ट्रेट पहुंच नामांकन करायेंगे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए रीता पटेल अपना दल (एस) की प्रत्याशी घोषित

**जौनपुर, संवादाता।**उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए अपना दल (एस) ने रीता पटेल को प्रत्याशी घोषित कर दिया ।जौनपुर जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पर कई दिनों से चल रहीं अटकलों पर शुक्रवार को उस समय विराम लग गया जब भाजपा से सीट मिलने के बाद अपना दल (एस) ने रीता पटेल को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया।डाक बंगले पर शुक्रवार को पार्टी की इकलौती विधायक डॉ. लीना तिवारी ने रीता पटेल के नाम की घोषणा की। डा0 तिवारी ने कहा कि रीता पटेल मड़ियाहूं के वार्ड नंबर 59 से जिला पंचायत सदस्य हैं। इनके पति राकेश पटेल अपना दल के जिला महासचिव हैं। रीता पटेल अपने पति के साथ सात साल से अपना दल (एस) में सक्रिय रही हैं। इनके पास उसरव पुरवा में मस्त्य पालन के लिए जिले की सबसे बड़ी हैचरी है।

## कार की चपेट में आने से बालक की मृत्यु,पिता-पुत्र घायल

**मुरादाबाद, संवादाता।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई जबकि उसका पिता और भाई घायल हो गया।

पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां बताया कि पाकबड़ा क्षेत्र के धनुपुरा गांव निवासी परचून कारोबारी मास्टर कय्यूम शुक्रवार सुबह अपने दोनों पुत्रों फईम और अब्दुल करीम के साथ खड़े दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर वाहन का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान द?ल?ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने तीनों को कुचल दिया। हादसे में सात वर्षीय अब्दुल करीम की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि कय्यूम और बड़ा बेटा फईम गंभीर रूप से घायल हो गए ।उन्होंने बताया कि घायल पिता-पुत्र को अस्पताल भर्ती करा दिया गया है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के परिजनों ने कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई से इंकार कर दिया।

## प्रेमिका के घर में गोली लगने से प्रेमी-युगल की मौत

**संभल, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले के चन्दौसी क्षेत्र में आज प्रेमिका के घर में गोली लगने से प्रेमी युगल की मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के अनुसार कोतवाली चन्दौसी इलाके में पंचायत मौलागढ़ के मझरा मिलक में कुंवरपाल व बनवारी सैनी के आसपास थोड़ी दूरी पर ही मकान हैं। बताया कि कुंवरपाल के 25 वर्षीय पुत्र शिवम और बनवारी सैनी की 23 वर्षीय पुत्री ममता के साथ लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था ।उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह ममता अपने घर के जीने में और शिवम ममता छत पर मृत अवस्था में पड़े मिले। दोनों की मौत गोली लगने से हुई। ममता के परिजनों का आरोप है कि शिवम पड़ोसी की छत से होकर उनके घर में आया और ममता की गोली मारकर हत्या कर दी और स्वयं को भी गोली मार ली, वहीं शिवम के परिजनों ने ममता के भाई पर दौनों की हत्या करने का आरोप लगाया है ।श्री मिश्र ने बताया है कि दौनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रथम दृष्टया मामलाआत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। असलाह युवक के पास से बरामद किया गया है। युवती के पिता व भाई को पूछताछ के लिए कोतवाली पर बुलाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बिजली गिरने से पिता-पुत्र की मृत्यु

**सोनभद्र, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में घर के पास पेड़ के निचे बैठे पिता-पुत्र पर बिजली गिर गई,जिससे दोनों की मृत्यु हो गई ।पुलिस सूत्रों ने बताया की शुक्रवार दोपहर रायपुर इलाके में नगपुर निवासी 55 वर्षीय अभिलाष अपने 30 वर्षीय पुत्र धनंजय के साथ घर के बाहर स्थित पेड़ के नीचे बैठे थे। उसी दौरान हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गयी। बारिश के दौरान ही तेज चमक-गरज के साथ पेड़ पर बिजली गिरी, जिससे दोनों गम्भीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में परिवार वाले उन्हें लेकर वैनी अस्पताल गये,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता दी जायेगी।

## दरभंगा ब्लास्ट के तार शामली से जुड़े,दो संदिग्ध हिरासत में

**शामली, संवादाता।** उत्तर प्रदेश का शामली जिला एक बार फिर सुर्खियों में है क्योंकि कस्बा कैराना के रहने वाले दो लोगों के तार बिहार के दरभंगा जंक्शन ब्लास्ट से जुड़े हैं।

सूत्रों ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और सुरक्षा एजेंसियां उनसे पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि 17 जून 2021 बिहार के दरभंगा जंक्शन पर एक पार्सल में विस्फोट हो गया था। यह पार्सल कपड़े की गांठ में होने के कारण विस्फोट ब्लास्ट से कोई बड़ा नुकसान नही हो पाया था. जांच पड़ताल में पता चला था कि यह पार्सल तेलंगाना के सिकंदराबाद स्टेशन से बुक किया गया था, जिसे दरभंगा में मोहम्मद सूफियान नाम का शख़्स रिसीव करने वाला था जबकि पार्सल पर शामली निवासी का फोन नंबर लिखा था।

प्रयोगशाला की जांच में यह खुलासा हुआ है कि दरभंगा बम विस्फोट में कैमिकल विस्फोटक का इस्तेमाल हुआ है। उसके बाद से ही देश की प्रमुख सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गई और मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं। एजेंसियों ने शामली में डेरा डाला और बिहार एटीएस, यूपी एटीएस और सुरक्षा एजेंसियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से पार्सल पर मिले नंबर के आधार पर संदिग्ध सलीम और उसके बेटे सावेज को हिरासत में लिया है। इनके तार आतंकियों से जुड़े होने की संभावना हैं क्योंकि जो मोबाइल इनके कब्जे से मिला उस नम्बर से पाकिस्तान में कई बार बात की गई है ।सूत्रों के अनुसार इस मामले में कई टीम कस्बा झिंझाना निवासी कफील के साथ अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ में जुटी हैं। हिरासत में लिए गये संदिग्धों से सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

## देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की 112 वीं जयंती मनी

**जौनपुर, संवादाता।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के सरांवा गांव स्थित शहीद लाल बहादुर गुप्त स्मारक पर आज हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपुब्लिकंन आर्मी व् लक्ष्मीबाई ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने महान क्रांतिकारी , स्वतंत्रत संग्राम सेनानी एवं देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की 112 वीं जयंती मनायी ।कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक मोमबत्ती व् अगरबत्ती जलाकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया ।शहीद स्मारक पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए लक्ष्मीबाई ब्रिगेड की अध्यक्ष मंजीत कौर ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी का जन्म आज ही के दिन 1908 में हरियाणा के अम्बाला में हुआ था ।

# डेल्टा वैरियेंटः बाहरी राज्यों से आने वाले पर विशेष नजर



**लखनऊ ब्यूरो।** कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर को काबू करने में सफल उत्तर प्रदेश सरकार वायरस के नये वैरिएंट डेल्टा प्लस को लेकर सतर्क हो गयी है और इससे बचाव के लिये उठाये जा रहे कदमों के तहत बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की जीनोम सिक्वेंसिंग पर अधिक जोर दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कोविड-19 प्रबंधन के लिये गठित टीम-09 की बैठक में कहा कि कई राज्यों में कोरोना वायरस का नया वैरिएंट 'डेल्टा प्लस' से संक्रमित मरीज पाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश को विशेष सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार का वैरिएंट पहले की अपेक्षा कहीं अधिक खतरनाक है। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति ने इससे बचाव के लिए विस्तृत अनुशंसा रिपोर्ट तैयार की है जिसके अनुसार अपेक्षाकृत अन्य आयु के लोगों के, बच्चों पर कहीं अधिक दुष्प्रभाव डालने वाला हो सकता है।

उन्होने निर्देश दिये कि विशेषज्ञों के परामर्श के अनुरूप बिना देर किए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। लोगों को सही जानकारी प्राप्त हो इसके लिए राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के सदस्यों व अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों के माध्यम से जनजागरूकता के प्रयास किए जाएं। कोविड के डेल्टा प्लस वैरिएंट की गहन पड़ताल के लिए अधिकाधिक सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। रेलवे, बस , वायु मार्ग से प्रदेश में आ रहे लोगों के सैम्पल लेकर सिक्वेंसिंग कराई जानी चाहिए। जिलों से भी सैम्पल लिए जाएं। रिजल्ट के अनुसार डेल्टा प्लस प्रभावी क्षेत्रों की मैपिंग कराई जाए। इससे बचाव के प्रयासों में सुविधा होगी। प्रदेश में जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा के लिए केजीएमयू और बीएचयू में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं।मुख्यमंत्री ने कहा पिछले दिनों कराये गए सीरो सर्वे के प्रारंभिक परिणाम अच्छे संकेत देने वाले हैं। शुरुआती नतीजों के मुताबिक सर्वेक्षण में लोगों में हाई लेवल एंटीबॉडी की पुष्टि हुई है। हमें यह समझना होगा कि वायरस से इस लड़ाई में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। डबल मास्क, सैनिटाइजेशन, दो गज की दूरी जैसे कोविड बचाव संबंधी व्यवहार को हमें अपनी जीवनशैली में शामिल करना ही होगा। भीड़भाड़ से बचें। थोड़ी सी भी लापरवाही, बहुत भारी पड़ सकती है।

उन्होने कहा कि जून में एक करोड़ प्रदेशवासियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा था जिसे 24 जून को छह दिन शेष रहते ही पूर्ण कर लिया गया। उत्तर प्रदेश में अब तक 02 करोड़ 90 लाख से अधिक वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। करीब 42 लाख लोगों ने टीके के दोनों डोज प्राप्त कर लिए हैं।

श्री योगी ने कहा कि एक जुलाई से हर दिन न्यूनतम 10 लाख लोगों को टीका-कवर देने के लक्ष्य के साथ काम किया जाए। विकास खंडों को क्लस्टर में बांटकर वैक्सीनेशन की हमारी नीति के अच्छे परिणाम मिले हैं। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर यह एक तिहाई विकास खंडों में लागू है, एक जुलाई से इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाए।

कोरोना महामारी के दृष्टिगत प्रदेश की स्थिति हर दिन के साथ बेहतर होती जा रही है। संक्रमण दर 0.1 प्रतिशत से भी कम स्तर पर आ चुका है, जबकि रिकवरी दर 98.5 फीसदी है। ज्यादातर जिलों में संक्रमण के नए केस इकाई अंकों में आ रहे हैं, तो 50-52 से अधिक जिलों में 50 से कम एक्टिव केस ही हैं। वर्तमान में कुल एक्टिव केस घटकर 3,423 रह गए हैं। 2,078 लोग होम आइसोलेशन में उपचाराधीन हैं। अब तक कुल 16 लाख 79 हजार 416 प्रदेशवासी कोरोना से लड़ाई जीत कर स्वस्थ हो चुके हैं।उन्होने बताया कि बीते 24 घंटे में एक ओर जहां 02 लाख 69 हजार 272 सैम्पल टेस्ट हुए, वहीं मात्र 226 नए पॉजिटिव केस आये और 320 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हुए। उत्तर प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 65 लाख 40 हज़ार 503 कोविड टेस्ट हो चुके हैं।विशेष पदों को छोड़कर, अस्पताल प्रशासन/प्रबंधन में चिकित्सकों की तैनाती अपरिहार्य स्थिति में की जानी चाहिए। चिकित्सक का प्रथम और प्रमुख कार्य मरीज का उपचार करना है, उन्होंने इसी सेवा के लिए अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अन्य कार्यों में उनकी तैनाती, चिकित्सकों को उनके मूल कर्तव्य से विमुख करती है। अस्पताल प्रशासन/प्रबंधन के कार्यों के लिए मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अथवा हॉस्पिटल मैनेजमेंट में एमबीए उपाधिधारक युवाओं को अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

उत्तर प्रदेश ऑक्सीजन जेनेरेशन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। कल 05 और प्लांट की स्वीकृति दी गई है। लगातार प्रयासों से अब 114 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से पीएम केयर्स के माध्यम से निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट्स को 15 अगस्त तक क्रियाशील कर लिया जाए। मॉनीटरिंग के लिए नोडल अधिकारी तैनात किया जाए। प्लांट स्थापना से जुड़े कार्यों की सतत समीक्षा की जाए।

# उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस का थाम रही है हाथ



**लखनऊ ब्यूरो।** जहा एक तरफ कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता साथ छोड़ रहे है वही दूसरी ओर पार्टी के छोटे नेता रत दिन म्हणत कर प्रदेश की जनता को पार्टी से जोड़ने में लगे हुए है इसी क्रम आज प्रदेश की आम जनता ने कांग्रेस पार्टी पर भरोसा दिखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता उत्तर प्रदेश मध्य महिला कांग्रेस की उपाध्यक्षा श्रीमती उरूसा इमरान राना के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की मौजूदगी में ली। गौर तालाब बात ये है की जहा एक तरफ प्रदेश में दूसरी पार्टियां अन्य दलों के बड़े नेताओ को साधने में लगी है तो वही कांग्रेस पार्टी ज़मीनी स्तर पर आम जनता के बीच पाउच रहे मतलब आने वाले विधान सभा चुनाव में शायद कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में बड़ी ताक़त बन कर उभरे।

## 22 वांछित समेत 25 आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की लखनऊ पुलिस ने 22 वांछित समेत 25 आरोपियों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाका इलाके से चार, इन्दिरानगर से छह, विभूतिखण्ड से तीन जबकि तालकटोरा,गुडम्बा,वजीरगंज और बाजार खाला इलाके से एक-एक वांछित को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा गोसाइगंज इलाके से दो, काकोरी, हसनगंज ,मडियांव इलाके से एक-एक वांछित को गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि दो लोगों के कब्जे से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की।उन्होंने बताया कि मडियांव इलाके से दहेज हत्या में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

## मुख्यमंत्री आवास योजना में संशोधन,नट एवं चेरो जनजाति शामिल

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी के दृष्टिकोण से नट अनुसूचित जाति एवं चेरो अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए निर्धारित पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया है।इस संबंध में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से आज यहां जारी आदेश में कहा गया है कि पूर्व में जारी आदेशों में प्रदेश के वनटांगिया/मुसहर/ सहरिया/कोल एवं थारू वर्ग के लोगों को उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए प्राथमिकता सूची में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव किया गया। उन्होंने बताया कि जिसे अब संशोधित करते हुए नट अनुसूचित जाति एवं चेरो अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पात्र लाभार्थियों को भी सम्मिलित किया गया है।उन्होंने बताया कि इन जातियों के लोग सोनभद्र तथा वाराणसी जिले में बड़ी संख्या में हैं1

## प्रकृति की अनमोल निधि को संजोने की तैयारी

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में भूजल के लगातार गिरते जल स्तर से चिंतित योगी सरकार ने वर्षा काल के दौरान जल संचयन की कवायद शुरू की है जिसके तहत छह प्रमुख शहरों में सरकारी और अर्धसरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना की जा रही है।हर साल पौधारोपण का विशेष अभियान चलाने के बावजूद घटता वन क्षेत्र और भूजल का गिरता जलस्तर सरकार के लिये चिंता का सबब बना हुआ है और भविष्य की पीढियों को इस विकराल समस्या से बचाने के लिये जल संचयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है हालांकि सरकारी विभाग, बिल्डर्स और बड़े भवन मालिकों से इस दिशा में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है।

आधिकारिक सूत्र हालांकि दावा करते है कि योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल जल संचयन की योजना को लगातार बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं और इसी लिये भविष्य में जल संकट से बचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार ने लघु सिंचाई विभाग के जल जीवन मिशन को सौंपी है। मेरठ, बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और झांसी में 219376 सरकारी और अर्धसरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना की जानी है। इनमें से 207876 भवनों में जल संचयन के लिये हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का काम प्रगति पर है। योजना के तहत इन सभी छह शहरों में अब तक 11500 भवनों में हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा दिये हैं।

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद जल संचयन अभियान में जन सहभागिता ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। लोगों ने जल बचाने के लिये घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टमों की स्थापना करी है। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक स्थलों पर जल संचयन के विविध कार्य किए जा रहे हैं। इसमें गांव के शासकीय विद्यालयों पर रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना और लाभार्थी कृषक के खेत में तालाब, रिचार्ज पिट आदि कार्य शामिल हैं।

इसी कड़ी में महानगरों में सभी शासकीय, अर्धशासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का अभियान तेज गति से शुरू किया गया है। वर्षा जल को बचाने के लिये बनाई गई कार्ययोजना की प्रगति पर नजर रखने के लिये जनपद स्तर पर अधिशासी अभियंताओं को नोडल अधिकारी नामित किया गया। जिलाधिकारियों को भी तेजी से काम को पूरा करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## 38 दरोगा को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई

**मुरादाबाद, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग कालेज में शुक्रवार को पासिंग आउट परेड की सलामी के बाद डीजी(पीटीसी)ने 38 दरोगाओं को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां बताया कि मुरादाबाद स्थित पुलिस ट्रेनिंग कालेज (पीटीसी)में आज पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ।पुलिस महानिदेशक(पीटीसी) बृजलाल मीणा ने परेड की सलामी ली। डीजी श्री मीणा ने कहा कि पुलिस का हिस्सा बनने के बाद से अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार बने रहें, विवेचना करते समय धैर्य बनाए रखें, निष्पक्ष न्याय के साथ जनता का भरोसा कायम रखें।

दरोगाओं को आउट डोर और इंडोर का प्रशिक्षण दिया गया। फाइनल परीक्षा में उत्तीर्ण सभी 38 दरोगाओं ने परेड में हिस्सा लिया।

## सीरो सर्वे में लोगों में हाई लेवल एंटीबॉडी की पुष्टि

**लखनऊ, ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कराए गए सीरो सर्वे के शुरुवाती नतीजे सकारात्मक आए हैं जिनमें लोगों में हाई लेवल एंटीबॉडी की पुष्टि हुई है।प्रदेश में चार जून से सभी 75 जिलों में सीरों सर्वे को शुरू किया गया था। सर्वे के जरिए किस जिले के किस क्षेत्र में कोरोना का कितना संक्रमण फैला और आबादी का कितना हिस्सा संक्रमित हुआ इसकी पड़ताल की गई।

# विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए करें विज्ञापन जारी:आनंदीबेन



**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यथाशीघ्र विज्ञापन जारी किये जायें और उसकी सूचना वेबसाइट पर भी अंकित की जाये।

श्रीमती पटेल आज राजभवन में जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए यथाशीघ्र विज्ञापन जारी किये जायें तथा उसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अंकित की जाये।राज्यपाल ने कहा कि नियुक्ति में पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता बनाये रखने के लिये भर्ती विज्ञापन तथा वेबसाइट पर भर्ती नियमों का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिये। लेखा आपत्तियों पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि महालेखाकार द्वारा जो 15 आपत्तियां की गयी है उनको समयबद्धता के साथ आख्या नियमानुसार प्रेषित कर दें।उन्होंने कहा कि वित्तीय कार्यों में प्रत्येक दशा में वित्तीय नियमों का पालन होना चाहिये साथ ही वित्तीय अभिलेखों का रख-रखाव, डबल एंट्री सिस्टम पर करे तथा नियमानुसार कैश बुक और बैलेन्स सीट तैयार की जानी चाहिये। जो कार्य टेण्डर या जैम के माध्यम से होना है उनको भी नियमानुसार कराया जाये।

श्रीमती पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों को आवास आवंटित नहीं किये जाये तथा जो नियमित स्टाफ परिसर में रह रहे है, उनसे नियमानुसार विद्युत बिलों का भुगतान भी होना चाहिये। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय का आय-व्यय का ब्यौरा मासिक आधार पर अंकित करें तथा यदि किसी को एडवांस दिया गया है तो कार्य समाप्ति के पश्चात् 3 माह के अन्दर उसका समायोजन हो जाये।कुलाधिपति ने कहा कि महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यक्रम किये जाने चाहिये। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि ग्राम प्रधानों खास कर, महिला प्रधानों को विश्वविद्यालय में आंमत्रित कर उन्हें कुपोषण, क्षयरोग, मातृ शिशु, मृत्युदर, स्वच्छता, स्वास्थ्य स्वावलंबन राज्य तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाये तो वे अपनी ग्राम सभा में प्रमुखता से लागू कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि महिला ग्राम प्रधान व समाज की अग्रणी महिलाओं आदि को प्रेरित कर हम ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को आसानी से लागू कर सकते है। राज्यपाल जी ने कहा कि विश्वविद्यालय 10-15 छात्राओं के समूह भी तैयार करें तथा उन्हें विभिन्न सामाजिक बुराइयों पर गांव में जागरूकता के लिए प्रेरित करें। ऐसा करने से ग्रामीण समाज, खासकर महिलाओं में जागरूकता आयेगी यह एक दिन का काम नही है सार्थक परिणाम पाने के लिये इस प्रकार के कार्यों को हमें लगातार करना होगा।

# लखनऊ में दुकानदार समेत तीन लोगों ने की आत्महत्या

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के विभिन्न इलाकों में वाराणसी के एक दुकानदार समेत तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली।

पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाका इलाके में स्थित अमर प्रेम होटल में वाराणसी के रहने वाले एक दुकानदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि वाराणसी निवासी भोलानाथ का 41 वर्षीय पुत्र अमित 22 जून को अमर प्रेम होटल में ठहरा था। उसके कमरे से बदबू आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देख तो अमित का शव पंखे में गमछे के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने वाराणसी में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा रखी है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। अमित किराने की दुकान करता था और अविवाहित था।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा सरोजनीनगर इलाके में रहीमाबाद शराफतनगर निवासी 40 वर्षीय प्रापर्टी डीलर अजित कुमार शराब पीने का आदी था। कल अजित और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हो गया था। उसके बाद पत्नी अपने 15 साल के पुत्र को लेकर न्यू रहीमाबाद अपने मायके चली गई थी। उसके बाद अजित कुमार ने पंखे में चादर का फंदा बनाकर कर फांसी लगा ली,जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

प्रवक्ता ने बताया कि गोसाइगंज इलाके में सलौली निवासी विश्राम रावत 22 वर्षीय बृजेश रावत ने आज अपने खेत गया और नीम के पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली,जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि दो साल पहले बृजेश की शादी हुई थी।

## मंत्रिमंडल की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में 30 करोड़ पौधा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल की बैठक में आज वर्तमान वित्तीय वर्ष में 30 करोड़ पौधे लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि वन एवं वन्य जीव विभाग की पौधशालाओं से नि:शुल्क पौध (यूकेलिप्टस एवं पॉपलर को छोड़कर) उपलब्ध कराये जायेंगे जिससे पर्यावरणीय लाभ एवं कृषकों की आय में वृद्धि होगी ।

ज्ञातव्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में 30 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से लगभग 10.80 करोड़ पौधों का रोपण वन विभाग द्वारा तथा लगभग 19.20 करोड़ पौधों का रोपण राज्य सरकार के अन्य राजकीय विभागों द्वारा जनहित सहभागिता के माध्यम से कराया जाना है। इसमें नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, जनपद स्तरीय विभागों के मुख्यालय, विकास खण्डों, कृषकों,



समाज सेवी संस्थाओं तथा एन0एस0एस0 के कार्यकर्ताओं का सहयोग, पौधरोपण में कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए, प्राप्त किया जाएगा।

वन विभाग वृक्षारोपण हेतु एक तकनीकी विभाग है। विभाग में पौधरोपण हेतु पर्याप्त बजट उपलब्ध है और निर्धारित 10.80 करोड़ पौधरोपण के सापेक्ष 1755 पौधशालाओं में 42 करोड़ पौधे तैयार किये जा चुके हैं। वन विभाग को छोड़कर अन्य राजकीय विभागों के पास सामान्यत: बजट उपलब्ध नहीं रहता है।30 करोड़ पौधरोपण से प्रदेश की हरीतिमा में वृद्धि होगी तथा प्रदूषण की रोकथाम एवं भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी।

## संतकबीरनगर में हर्ष फायरिंग में 5 बच्चे घायल, दो गंभीर

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर के धनघटा इलाके के अशरफपुर में हर्ष फायरिंग से 05 बच्चे घायल हो गए।दो सगे भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हैं। एक का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर और दूसरे का इलाज जिला चिकित्सालय संतकबीरनगर में चल रहा है। घटना बच्चे के.बरही कार्यक्रम के दौरान हुई। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारी ने हालात का जायजा लिया।पुलिस अधीक्षक कौस्तुभ ने यहां कहा कि अशरफपुर निवासी रामचंद्र पुत्र लहरी के नवजात पुत्र का गुरुवार की रात में छट्ठी-बरही का कार्यक्रम था। उक्त कार्यक्रम में आसपास के लोग एकत्रित हुए थे। कार्यक्रम के दौरान किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी जिससे गोली अनियंत्रित होकर वहां मौजूद बच्चों को लग गई। फायरिंग से रागिनी उम्र 5 वर्ष ,अर्चना उम्र 8 वर्ष ,आयुष उम्र 7 वर्ष, प्रियांशु उम्र 6 वर्ष तथा शक्तिमा उम्र 10 वर्ष घायल हो गए।

# चित्रकूटधाम तीर्थ विकास परिषद विधेयक विधानमंडल में पेश होगा

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार चित्रकूट धाम विकास परिषद विधेयक को विधान मंडल के अगले सत्र में पेश करेगी ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में विधेयक को अगले सत्र में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई । साथ ही, मंत्रिमंडल ने प्रश्नगत प्रायोजना के सम्बन्ध में अग्रतर आवश्यक निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

चित्रकूट की समस्त प्रकार की सांस्कृतिक, पारिस्थितिकीय तथा स्थापत्य सम्बन्धी विरासत की सौंदर्यपरक गुणवत्ता को परिरक्षित करने, विकसित करने तथा अनुरक्षित करने की योजना तैयार करने, ऐसी योजना के क्रियान्वयन का समन्वय एवं अनुश्रवण करने और क्षेत्र में एकीकृत पर्यटन विकास तथा विरासत-संरक्षण एवं प्रबन्धन हेतु संगत नीतियां विकसित करने, जिला चित्रकूट के किसी विभाग/स्थानीय निकाय/प्राधिकरण को चित्रकूट क्षेत्र के विरासतीय संसाधनों को प्रभावित करने वाली या सम्भावित रूप में प्रभावित करने वाली किसी योजना, परियोजना या किसी विकासगत प्रस्ताव के सम्बन्ध में परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश और उससे सम्बन्धित या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए उत्तर प्रदेश श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित प्रायोजना से चित्रकूट की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सकेगी तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# डेल्टा प्लस वैरिएंट की केजीएमयू और बीएचयू में होगी जांच



**लखनऊ ब्यूरो।** कोरोना के डेल्टा प्लस वैरिएंट के नये खतरे को देखते हुये उत्तर प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ और वाराणसी में जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के निर्देश दिये हैं।

देश के कई राज्यों में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट डेल्टा प्लस से संक्रमित मरीजों की पुष्टि होने से सीएम ने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत अब प्रदेश में कोविड के डेल्टा प्लस वैरिएंट की गहन पड़ताल के लिए अधिकाधिक सैम्पल की जीनोम सिक्वेंसिंग की जाएगी। प्रदेश में जीनोम सिक्वेंसिंग की सुविधा के लिए केजीएमयू और बीएचयू में सभी जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश सीएम ने आला अधिकारियों को दिए हैं।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि 2021 की शुरुवात में ही सरकार ने कोरोना संक्रमण के नए स्ट्रेन को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित?सा विश?वविद्यालय (केजीएमयू) में जीन सीक?वेंसिंग की जांच को शुरू करने का फैसला लिया था। वायरस के नए स?ट्रेन की पहचान समय से करने के लिए जीन सीक?वेंसिंग की जांच केजीएमयू में जनवरी में ही शुरू कर दी गई थी।

उन्होने बताया कि प्रदेश में आने वाले सभी यात्रियों के आरटीपीसीआर टेस्ट के सैंपल से जीन सिक्वेंसिंग कराई जाएगी। रेलवे, बस , वायु मार्ग से प्रदेश में आ रहे लोगों के सैम्पल लेकर जीन सिक्वेंसिंग टेस्ट किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के जिलों से भी कोरोना वायरस के नए वैरिएंट %डेल्टा प्लस% के सैंपल लिए जाएंगे। रिपोर्ट के परिणाम स्वरूप डेल्टा प्लस प्रभावी क्षेत्रों की मैपिंग कराई जाने के आदेश सीएम ने दिए हैं।

किंग जॉर्ज चिकित?सा विश?वविद्यालय केजीएमयू के साथ ही बनारस के बीएचयू में जीन सीक?वेंसिंग की जांच शुरू की गई है। यूपी में अभी तक जीन सीक?वेंसिंग जांच के लिए सैंपल को पुणे भेजा जाता था पर अब प्रदेश में जांच शुरू होने से प्रदेश के बाहर स्थित दूसरे संस?थानों में सैंपल नहीं भेजने पड़ेंगे। यूपी की पहली कोरोना टेस?ट लैब भी केजीएमयू में शुरू हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि अभी तक यूपी में आने वाले यात्रियों की एंटीजन और आरटीपीसीआर जांच कोरोना वायरस की पुष्टि के लिए कराई जा रही थी पर अब प्रदेश के सभी यात्रियों के आरटीपीसीआर सैंपल से जीनोम सिक्वेंसिंग कर 'डेल्टा प्लस' की जांच को अनिवार्य कर दिया गया है। पॉजिटिव मरीज में कौन सा स?ट्रेन मौजूद है इसकी जांच के लिए जीन सीक?वेंसिंग की जांच को अनिवार्य किया गया है। डेल्टा प्लस की रिपोर्ट दो हफ्तों में आती है।

उन्होने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार इस बार का वैरिएंट पहले की अपेक्षा कहीं अधिक खतरनाक है। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति ने इससे बचाव के लिए विस्तृत अनुशंसा रिपोर्ट तैयार की है। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति की रिपोर्ट के अनुसार दूसरे आयु वर्ग के लोगों की अपेक्षा इस नए वैरिएंट का दुष्प्रभाव बच्चों पर कहीं अधिक हो सकता है। सीएम ने विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार बिना देर किए सभी जरूरी कदम उठाए जाने के आदेश अधिकारियों को दिए हैं। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति के सदस्यों व अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों के जरिए जनजागरूकता का कार्य भी किया जाएगा।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध?यक्ष डॉ अमिता जैन ने बताया कि लैब को एडवांस बनाते के लिए पहले से उपलब?ध संसाधनों के जरिए नई जांच को सबसे पहले केजीएमयू में शुरू किया गया था।

## उप्र में गवाहो की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायें : अवस्थी

**लखनऊ ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न न्यायालयों मे चल रहे मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिकतम दण्ड दिलाने के लिए गवाहो की हर हाल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के पुलिस को निर्देश दिए हैं।

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि शासन द्वारा प्रदेश के अभियोजन विभाग सहित समस्त जिला अधिकारी, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की गई हैं कि साक्षी सुरक्षा योजना 2018 के प्रावधानों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित कराया जाय।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा कहा गया है कि साक्षियों को उचित सुरक्षा प्राप्त न होने पर संबंधित पुलिस अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। जिलाधिकारियों एवं पुलिस मुख्यालय के जोनल स्तर के अधिकारियों से इस योजना की गहन समीक्षा प्रत्येक माह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गये है।

श्री अवस्थी ने बताया कि प्रत्येक जिले में साक्षी सुरक्षा समिति गठित है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश इसके अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी सदस्य सचिव तथा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक सदस्य नामित है। उक्त सुरक्षा समिति द्वारा विटनेस प्रोटेक्शन आवेदन प्राप्त होने पर विटनेस प्रोटेक्शन आर्डर पारित किया जायेगा। इसमे ''विटनेस प्रोटेक्शन मेजर्स'' लेने के संबंध मे विस्तृत विवरण होगा और विटनेस प्रोटेक्शन आर्डर को विटनेस प्रोटेक्शन सेल के माध्यम से लागू कराया जायेगा।

उन्होंने बताया इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

संपादकीय

## समृद्धि-सुरक्षा की टनल

छह महीने बर्फ के आगोश में कैद रहने वाले जनजातीय इलाके लाहौल-स्पीति के लोगों के लिये अटल टनल का अस्तित्व में आना दशकों पुराने सपनों का हकीकत बनने जैसा है। कुदरत के खजाने से समृद्ध इस मनमोहक इलाके में जहां इससे पर्यटन का विस्तार होगा, वहीं रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। तीन अक्तूबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के ड्रीम प्रोजे□ट को हकीकत में बदलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। ऐसे वक्त में जब लद्दाख में एलएसी पर तनाव है, सेना की आवाजाही और रसद आपूर्ति में टनल के बनने से मदद मिलेगी। वहीं अब पाक से लगी कारगिल सीमा पर भी सेना की पहुंच आसान होगी। दरअसल,लाहौल-स्पीति के लिये इस टनल के बड़े मायने हैं। सर्दी में रोहतांग दर्रे के जम जाने से कोई पर्यटक लाहौल-स्पीति नहीं पहुंच पाता था। वहीं इस इलाके के प्रसिद्ध मटर व आलू शेष देश तक नहीं पहुंच पाते थे। जीवन इतना कठिन था कि बीमार लोगों को उपचार के लिये हेलीकॉप्टर सेवा की मदद लेनी पड़ती थी। निस्संदेह इसके बनने में छह की बजाय दस साल लगे, मगर अब लोगों की उ□मीदें उफान पर हैं। उ□मीद है अब इलाके से लोगों का पलायन रुकेगा, वहीं हिमाचल के जो कर्मचारी सर्दियों में यहां नौकरी करने से कतराते थे, उनके लिये जीवन अब सहज हो पायेगा। कनेि□टविटी से पर्यटन संस्कृति व विंटर स्पोर्ट्स को विस्तार मिलेगा। हालांकि, जनवरी-फरवरी में इलाके में ज्यादा बर्फ पड़ने के कारण यातायात सुगम नहीं होता, मगर दस महीने आवागमन सामान्य रह पायेगा। समुद्र तल से दस हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर बनने वाली यह 9.02 किमी ल□बी सुरंग दुनिया की सबसे लंबी सुरंग बताई गयी है। 26 मई, 2000 में साउथ पोर्टल पर बनने वाली सड़क की आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रखी थी, जबकि विधिवत कार्य 2010 में शुरू हुआ। बहरहाल, बेहद खतरनाक रोहतांग दर्रा अब लाहौल-स्पीति के विकास को नहीं रोक पायेगा। साथ ही हिमाचल के चंबा जनपद के किलाड़ व पांगी घाटी के विकास को नयी दिशा मिलेगी। पीर पंजाल की पहाड़ियों में बनी इस सुरंग से मनाली से लेह की दूरी अब 46 किमी कम होगी और वहीं केलांग जाने में पांच-छह घंटे की भी बचत होगी। उन्नत तकनीक और आधुनिक सुविधाओं से लैस ऐसी दूसरी टनल उ□ार भारत में नहीं है। इसमें सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा गया है।

# दरकते सपनों से उद्वेलित युवा पीढ़ी

क्षमा शर्मा । लेखक

राजीव गांधी जब स□ाा में आए थे तो देश में कंप्यूटर की चर्चा चल पड़ी। न□बे के दशक के बाद जिसे अपने देश में नव पूंजीवाद, लिब्रलाइजेशन और भूमंडलीकरण का दौर कहा जाता है। उस दौरान, देखते-देखते कंप्यूटर जीवन के हर क्षेत्र में छा गया। हालांकि, तब भी बहुत से लोग जरूरत से ज्यादा तकनीक के नौकरियों में प्रवेश के खिलाफ थे। उनका मानना था कि अपने देश में जनसं□या बहुत ज्यादा है। हम हूबहू यूरोप या अमेरिका की तरह नहीं चल सकते। कंप्यूटर के जरूरत से ज्यादा उपयोग से बड़ी सं□या में नौकरियां चली जाएंगी। ऐसा हुआ भी। यह तक देखा गया कि दस-दस लोगों की नौकरियों का काम एक कंप्यूटर ने संभाल लिया। इसी दौरान नौकरियों में कॉन्ट्रै□ट का प्रचलन शुरू हुआ। लोगों की पक्की नौकरियां खत्म होने लगीं। लेकिन वक्त और तकनीक का पहिया कभी रुकता नहीं है। कंप्यूटर और मोबाइल दो ऐसी तकनीक हैं, जिन्होंने न केवल शहरों, बल्कि दूरदराज के गांवों में भी जीवन बदल दिया। फोन कहां किसी-किसी के घर में होता था, अब वह अपने देश में बहुसं□यक लोगों के हाथ में है। बल्कि ऐसा समय भी आया जब बूढ़ों, युवाओं, बच्चों के लिए तकनीक और गैजेट्स को भगवान बताया जाने लगा। बच्चों की पत्रिकाएं तक यही सिखाने लगीं कि बच्चे भी अधिक से अधिक तकनीक का इस्तेमाल करें। हालांकि, जल्दी ही इसके दुष्प्रभाव भी दिखाई देने लगे। अधिक देर तक कंप्यूटर और मोबाइल के प्रयोग से युवाओं और बच्चों में वे रोग होने लगे, जिन्हें वृद्धावस्था के रोग कहा जाता था। इसके अलावा, पोर्न के आसानी



से उपल□ध होने के कारण महिलाओं के प्रति अपराधों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इन दिनों जब अपने देश में युवा बहुसं□यक हैं तो अ□सर पूछा जाता है कि आखिर मिलेनियल्स को □या चाहिए। दरअसल तो पूछने वाले ये जानते भी हैं। कौन नहीं जानता कि युवाओं को शिक्षा, रोजगार और जीवन में स्थायित्व चाहिए, लेकिन देखा गया है कि ये बातें ही पूरी नहीं हो रहीं। जीवनशैली के बदलाव और हर बात को 'टू मिनट नूडल्स' जैसा आसान समझने के कारण युवाओं के जीवन की तकलीफें भी बढ़ी हैं। मामूली असफलता को झेलने का धैर्य भी जैसे गुजरे जमाने की बात हो गई है। पिछले तीन दशक में जिस बालीवुड को युवाओं का आदर्श बताया गया था, जिनकी जीवनशैली, रिश्तों-नातों से अखबार भरे रहते थे, आजकल जैसी खबरें रोज दिख रही हैं, उन्हें जानकर ये मिलेनियल्स या युवा ठगा-सा महसूस भी कर रहे हैं। जीवन में जिन्हें आदर्श की तरह देखा, जिन जैसा बनने की कोशिश की, उनमें से बहुत से ऐसे निकले, जिनकी जीवनशैली तो किसी काम की नहीं। वहां तो तरह-तरह के अपराध और नशे का कारोबार है। ऐसे में ये युवा या मिलेनियल्स □या करें, कहां जाएं। किस रास्ते पर चलें जो जीवन ठीक से चल सके। कोरोना जैसी महामारी के समय तक आते-आते हम देख रहे हैं कि लिब्रलाइजेशन ने जिस रोजगार और समृद्धि के सपने दिखाए थे, वे तो अब कहीं नहीं रहे। पहले तो नौकरी मिलना मुश्किल। मिल भी गई तो जीवनभर की नौकरी तो □या, अगले दिन की नौकरी का भरोसा नहीं रहा। इसीलिए ऐसी घटनाओं की बाढ़-सी आ गई है कि कुछ लड़कों ने सोचा कि अब नौकरी तो मिलने से रही, इसलिए वे रेल की पटरियों पर लेट गए और खत्म हो गए। किसी युवा की दिल के दौरे या ब्रेन हैमरेज से मृत्यु हो गई। कोई ऑफिस पहुंचा, उसे निकाले जाने का पत्र थमा दिया गया तो वह घर ही नहीं लौटा। एक लड़की की नौकरी चली गई तो वह छत से कूद गई। इनके रोते-बिलखते माता-पिता को देखकर आंखें भर आती हैं। □या माता-पिता ने यही दिन देखने के लिए इन बच्चों को पढ़ाया-लिखाया था।

वे युवा जो तरह-तरह के कोर्स कर रहे हैं, एमबीए या इंजीनियरिंग की पढ़ाई में लगे हैं, एमए, बीए कर रहे हैं। माता-पिता का अच्छा-खासा पैसा खर्च हुआ है, आज वे परेशान हैं कि □या करें। दुनियाभर में जिस तरह से नौकरियां जा रही हैं, लोग विदेशों से भारत की तरफ लौट रहे हैं, ऐसे में इन्हें पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलेगी भी या नहीं। अपना भी कुछ काम करें तो इसके लिए पैसा कहां से आएगा। मान लीजिए कुछ शुरू भी करें, तो चलने की □या गारंटी। फिर इन दिनों ऑनलाइन खरीददारी बढ़ने के कारण बहुत से व्यवसाय या तो नष्ट हो गए हैं या नष्ट होने के कगार पर हैं। जिस तकनीक को भगवान बताया गया था, वह हर रोज रोजगार को हड़प रही है। हालांकि, यह भी सच है कि आज के विश्वग्राम के दिनों में तकनीक से अलग रहकर भी अपनी ढपली नहीं बजाई जा सकती। ऐसे में जब लोग बहुत मासूम बनकर पूछते हैं कि युवा परेशान □यों हैं, वे अपने भविष्य की तरफ □यों नहीं देखते। आखिर आने वाला कल सुनहरा ही होगा। सच बात है। अगर चारों ओर अंधेरा देखेंगे तो अंधेरा ही दिखेगा। मगर, उस अंधेरे के बाद जो रोशनी की किरण नजर आती है, रात के बाद सवेरा होता है, वह सवेरा भी तो दिखना चाहिए। जिस तरह कार्पोरेट सिर्फ अपने मुनाफे को देखता है, उसे किसी की रोजी-रोटी या जीवनयापन की चिंता नहीं होती। इन दिनों सरकारों ने भी न केवल युवाओं बल्कि बहुत-सी समस्याओं से मुंह मोड़ लिया है। आखिर ये युवा भी वोटर हैं। राजनीतिक दल अतीत में इन्हें लुभाने के तरह-तरह से प्रयास भी करते रहे हैं। मगर, इन दिनों जब युवाओं को सबसे अधिक भरोसा देने की जरूरत है, कोई उनकी समस्याओं पर बात नहीं कर रहा है। आने वाले दिनों में अगर इन युवाओं की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो न केवल इनके जीवन को खतरा है, बल्कि सरकारों को इनकी नाराजगी भी झेलनी पड़ सकती है। जिस तरह से बेरोजगारी का मुद्दा युवाओं के बीच सिर उठा रहा है, अगर जल्दी से जल्दी उस पर ध्यान नहीं दिया गया तो मुश्किल हो सकती है। अतीत से यदि सबक लें तो युवाओं की नाराजगी दुनियाभर की सरकारों को भारी पड़ती रही है।

# शतायु बनाता है जीने का खूबसूरत मकसद........................

**उनके हाथों की बनाई जापानी डिश सुशी बेहद लाजवाब होती है। उनके हाथों की बनाई इस डिश का स्वाद दुनिया की अनेक जानी-मानी हस्तियां ले चुकी हैं, जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शामिल हैं। जीरो ओनो इस उम्र में भी इतने सक्रिय इसलिए हैं योंकि उन्हें अपने हाथों से बनाई डिश खिलाना सबको बेहद पसंद है। इससे उन्हें नाम और पैसा मिलता है व उनके देश का नाम भी रोशन होता है। यही कारण है कि जिस उम्र में लोग जीवित भी नहीं रहते, वे उस उम्र में न केवल जीवित हैं बल्कि प्रतिदिन अपने इकीगाई के कारण उठते हैं और सभी काम करते हैं। अधिकतर लोगों के परेशान होने की वजह मुयत: ये होती है**

रेनू सैनी । लेखक

जापान के लोगों की औसत आयु विश्व में चौथे स्थान पर है। वहां पुरुषों की आयु अस्सी से ऊपर और महिलाओं की 85 से ऊपर मानी जाती है। जापान में एक आइलैंड है ओकीनावा। वहां के अधिकतर लोगों की अधिकतर आयु सौ वर्ष के आसपास होती है और न□बे साल पार करने के बाद भी ये लोग अपने दैनिक कार्यों को बड़े आराम से खुद ही करते हैं। कई देशों की क□पनियों के प्रबंधक एवं लोग ओकीनावा में विशेष रूप से यही देखने के लिए जाते हैं कि आखिर वहां ऐसा □या है जो लोग न□बे वर्ष की आयु में भी स्वस्थ दिखाई देते हैं और अपने अंतिम समय तक सक्रिय रहते हैं।

इसका कारण है वहां के लोगों के पास इकीगाई का होना। इकीगाई जापानी श□द है। इकी का अर्थ होता है जीना और गाई का अर्थ होता है वजह यानी कि जीने की वजह। ओकीनावा में रहने वाले सभी लोगों के पास जीने की वजह होती है। वे जानते हैं कि वे □यों जीवित हैं और उन्हें अपने अंतिम समय तक □या करना है। आप सोच रहे होंगे कि जीने की वजह तो दुनिया में सभी लोगों के पास होती है लेकिन फिर ओकीनावा में रहने वाले लोग ही स्वस्थ एवं शतायु □यों होते हैं। इसलिए □योंकि वे इकीगाई में आने वाले चार बिंदुओं के अनुसार अपना जीवनयापन करते हैं जबकि विश्व के लोग इकीगाई की केवल एक या दो बातों को ही जीवन की वजह मान लेते हैं। इकीगाई में नि□न चार बातों का समावेश होता है : आपको किससे प्यार है, किस काम का जुनून है, उसे करने से प्राप्त □या होता है और उससे विश्व को □या लाभ है। ध्यान सिंह ने सोलह वर्ष की आयु में सेना ज्वॉइन कर ली थी। उन दिनों सेना में हॉकी व फुटबॉल का बहुत चलन था। ध्यान सिंह ने जब अपने




साथी सैनिकों को हॉकी खेलते देखा तो उन्हें भी इसे खेलने का मन हुआ। जब उन्होंने हॉकी को हाथ में उठाकर खेला तो बस फिर तो उन्हें हॉकी का जुनून सवार हो गया। वे दिन-रात हॉकी स्टिक लेकर अकेले घंटों मैदान में अ□यास करते रहते। रात को जब स्टिक की आवाजें आतीं तो उनके साथी समझ जाते कि ध्यान सिंह अ□यास में लगा हुआ है। धीरे-धीरे उनका खेल इतना अधिक निखरता गया कि जब वे हॉकी खेलते तो लोगों को यह भ्रम होता कि मानो उनकी स्टिक में चुंबक लगी है जो बॉल को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है। उनकी हॉकी को इसी संदेह के कारण तोड़कर भी देखा गया। लेकिन जब कुछ नहीं मिला तो पूरी दुनिया ने ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहना शुरू कर दिया। मेजर ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक दिलवाए। उनके जन्मदिवस पर देश में राष्ट्रीय खेल दिवस भी मनाया जाता है। इस प्रकार मेजर ध्यानचंद ने अपने इकीगाई को पहचान लिया था। उनके जीने की वजह हॉकी बन गई थी। हॉकी ने उन्हें नाम और धन दोनों ही दिया। इसके साथ ही विश्व में उन्होंने हॉकी में देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखवा दिया। इस प्रकार वे इकीगाई की चारों बातों को पूरा करते थे। इसलिए उनका नाम उनके जाने के बाद भी अमर है। इकीगाई में प्यार, काम के प्रति जुनून, पैसा और विश्व का कल्याण, सभी बातें आती हैं। जो लोग इकीगाई को पहचान लेते हैं, वे न केवल अपने लक्ष्य को पूरा करते हैं बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाते हैं। जापान के प्रसिद्ध शेफ जीरो ओनो 94 वर्ष के हैं। वे केवल जापान के ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे उम्रदराज शेफ हैं जो सक्रिय हैं। उनके हाथों की बनाई जापानी डिश सुशी बेहद लाजवाब होती है। उनके हाथों की बनाई इस डिश का स्वाद दुनिया की अनेक जानी-मानी हस्तियां ले चुकी हैं, जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शामिल हैं। जीरो ओनो इस उम्र में भी इतने सक्रिय इसलिए हैं □योंकि उन्हें अपने हाथों से बनाई डिश खिलाना सबको बेहद पसंद है। इससे उन्हें नाम और पैसा मिलता है व उनके देश का नाम भी रोशन होता है। यही कारण है कि जिस उम्र में लोग जीवित भी नहीं रहते, वे उस उम्र में न केवल जीवित हैं बल्कि प्रतिदिन अपने इकीगाई के कारण उठते हैं और सभी काम करते हैं। अधिकतर लोगों के परेशान होने की वजह मु□यत: ये होती है कि वे अपने काम में इकीगाई के उपरोक्त चारों बिंदुओं को शामिल नहीं करते। किसी को केवल अपने जुनून को पूरा करने का शौक होता है तो किसी को पैसे कमाने का। ऐसे में उनके जीवन के बाकी हिस्से अधूरे रहते हैं। इसलिए वे लगातार पैसे आने पर भी खुश नहीं रहते। जीवन में रुपया, जुनून, अपने होने का अस्तित्व, विश्व कल्याण सभी कुछ अनिवार्य है और जीवन का एक जरूरी हिस्सा है। इनमें से एक हिस्सा निकल जाने पर व्यक्ति को वह संतुष्टि प्राप्त हो ही नहीं सकती □योंकि कुछ न कुछ बाकी रह जाता है। इसलिए प्रारंभ में ही अपना इकीगाई निर्धारित कर लिया जाए तो जीवन लंबा, सक्रिय और खुशहाल हो जाता है।

# कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई चुनौती

रोहित पराशर लेखक

ऐसा ही एक प्रयास हिमाचल सरकार की ओर से भी किया गया है। हिमाचल प्रदेश ने महाराष्ट्र के कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री सुभाष पालेकर के तीस वर्षों के अनुसंधान के बाद ईजाद की गई सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती विधि को प्रदेश में शुरू किया है। इस खेती विधि के तहत अभी तक 80 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती विधि को अपना लिया है। दावा किया जा रहा है कि इस खेती विधि में किसानों की कृषि लागत में कई गुना कमी आई है तथा किसानों के मुनाफे में वृद्धि आंकी गई है।

द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के बाद घातक हथियार बनाने वाली कंपनियां जब बेकार हो गईं तो इन कंपनियों ने अपने बड़े-बड़े हथियार बनाने वाले कारखानों में कृषि क्षेत्र में प्रयोग होने वाले रसायनों और कीटनाशकों को तैयार करना शुरू किया। इससे कृषि में अधिक पैदावार पाने के लिए रसायनों के प्रयोग में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, जबकि इससे पहले कृषि में रसायनों का अधिक प्रयोग नहीं होता था। गौर रहे कि 1910 के दशक में विदेशों से आए कृषि वैज्ञानिकों ने भारत के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर भारत की कृषि व्यवस्था को दुनिया की सबसे बेहतरीन व्यवस्था कहा था, □योंकि उस समय तक कृषि प्रकृति, गाय और पशुपालन के साथ जुड़ी हुई थी। लेकिन धीरे-धीरे वैज्ञानिक विकास के साथ यह माना जाने लगा कि रासायनिक खेती विधि ही एकमात्र विकल्प है। इसका परिणाम यह हुआ कि हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति कम होती गई। पानी के साथ भूमि के नीचे का पानी और पर्यावरण सब दूषित हो चुका है। वर्षों से रसायनों का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरा क्षमता क्षीण होती जा रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 20 साल पहले जितना रसायन हम प्रयोग में करते थे, आज उससे कहीं गुना अधिक प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन पैदावार अब निरंतर बढ़ नहीं रही है। एक समय था जब शुरुआती समय में रसायनों के प्रयोग से पैदावार में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, लेकिन



समय के साथ रसायनों के प्रयोग को बढ़ाने और लागत में कई गुना की बढ़ोतरी के बावजूद उसी अनुपात में उत्पादन नहीं मिल पा रहा है। या तो उत्पादन स्थिर हो गया या पहले के मुकाबले घट गया है। यह स्थिति केवल हिमाचल या हिंदुस्तान के अन्य राज्यों में नहीं है, बल्कि दुनिया भर के किसानों को इस स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ के अभिन्न अंग विश्व खाद्य संघ ने एक चेतावनी जारी की थी कि अब केवल 60 कृषि वर्ष शेष रह गए हैं। अगर हम इसी तरह से खेतीबाड़ी करते रहेंगे तो दुनिया में केवल 60 वर्षों तक ही खेती की जा सकती है और

**सदियों से चली आ रहे कृषि क्षेत्र में रसायनों का दिनोंदिन बढ़ता प्रयोग कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई चुनौतियां ला रहा है। ऐसा माना जाता है कि संगठित रूप से कृषि की शुरुआत लगभग 12 हजार साल पहले हुई। इस दौरान कृषि पूरी तरह से प्रकृति के साथ जुड़ी हुई थी और इसमें न ही तो किसी प्रकार का बाहरी दखल था और न ही इसकी जरूरत थी। लेकिन 20वीं सदी में कृषि में पैदावार को बढ़ाने के लिए बाहरी दखल शुरू हुआ और रसायनों को प्रयोग खेती में किया जाने लगा।**

इसके बाद मिट्टी कृषि करने लायक नहीं बचेगी। इतना ही नहीं, पिछले साल जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने वैश्विक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री से अधिक की बढ़ोतरी को खतरे की घंटी के रूप में बताया है। इस रिपोर्ट के अनुसार पृथ्वी के तापमान में यदि 2 डिग्री तक ही बढ़ोतरी होती है तो भारत समेत कई देशों में कई अन्य क्षेत्रों के साथ कृषि क्षेत्र में इसका सबसे अधिक असर देखने को मिलेगा। तापमान में वृद्धि के साथ जहां मैदानी इलाकों में खेती नहीं हो सकेगी, वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में नई बीमारियों के साथ कीट-पतंगों की सं□या में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी जिससे कृषि को बचाने के लिए अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कृषि में रसायनों के बढ़ते प्रयोग से मानव शरीर में इनके भयंकर दुष्प्रभाव देखे गए हैं। कई वैज्ञानिक अनुसंधानों में कैंसर के पीछे मु□य कारण खेती में रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग को माना गया है। गौर रहे कि दुनिया में हर साल कैंसर से 1.15 करोड़ लोगों की जानें जाती हैं। वहीं भारत में इनकी सं□या 7 लाख के करीब है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ कैंसर प्रिवेंशन एडं रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार भारत में वर्तमान में 22 लाख लोग कैंसर से ग्रसित हैं और इनके मामलों में हर साल बढ़ोतरी देखी गई है। भारत में सबसे अधिक अनाज पैदा करने वाले पंजाब राज्य के भटिंडा जिला में रसायनों का सबसे अधिक प्रयोग देखा गया है। इसके चलते इस जिला में कैंसर रोगियों की सं□या में भी बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गई है और यहां से राजस्थान को जाने वाली रेलगाड़ी में सबसे अधिक यात्री कैंसर से प्रभावित होते हैं और अब इस रेलगाड़ी को कैंसर रेल के रूप में भी पहचाना जाने लगा है।

रसायनों का प्रयोग न सिर्फ मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। एक शोध के अनुसार दुनिया में जो प्रदूषण है, उसके पीछे एक-चौथाई हिस्सेदारी कृषि और कृषि संबद्ध क्षेत्र जि□मेवार है। रासायनिक खेती विधि जलवायु परिवर्तन में सीधे तौर पर बहुत असर डालती है। इन सभी दर्शनीय तथ्यों को देखते हुए अब देश-विदेश में पर्यावरण हितैषी और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक कृषि पद्धतियों के विकास की दिशा में पिछले कुछ दशकों में कई व्यक्तियों और संस्थाओं ने एकल और सामूहिक प्रयास किए हैं। इनके सफल परिणाम अब सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक प्रयास हिमाचल सरकार की ओर से भी किया गया है। हिमाचल प्रदेश ने महाराष्ट्र के कृषि वैज्ञानिक पद्मश्री सुभाष पालेकर के तीस वर्षों के अनुसंधान के बाद ईजाद की गई सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती विधि को प्रदेश में शुरू किया है। इस खेती विधि के तहत अभी तक 80 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती विधि को अपना लिया है। दावा किया जा रहा है कि इस खेती विधि में किसानों की कृषि लागत में कई गुना कमी आई है और किसानों के मुनाफे में वृद्धि आंकी गई है।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले वार्म-अप मैच कराने को इच्छुक भारतीय टीम प्रबंधन



## दौरे की प्रारंभिक योजना भारतीय टीम के भारत की ए टीम से खेलने की थी

**साउथम्पटन, वार्ता।** भारतीय टीम प्रबंधन न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में हार के बाद अब इंग्लैंड के खिलाफ आगामी चार अगस्त से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले दो या कम से कम एक प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच कराने के लिए उत्सुक है।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों ने सीरीज से पहले अभ्यास मैच के आग्रह की पुष्टि की है। बोर्ड के एक पदाधिकारी ने गुरुवार रात को बताया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह भारतीय टीम के प्रतिस्पर्धी अभ्यास मैच के आग्रह पर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष इयान व्हाटमोर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टॉम हैरिसन से बात करेंगे। समझा जाता है कि इस संबंध में पहले ही ईसीबी को एक औपचारिक अनुरोध दिया जा चुका है। एक या दो दिन में बीसीसीआई के सचिव के ईसीबी अधिकारियों से बातचीत के बाद चीजों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दौरे की प्रारंभिक योजना भारतीय टीम के भारत की ए टीम से खेलने की थी। नॉर्थम्प्टनशायर और लीसेस्टरशायर में दो प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच खेले जाने थे, लेकिन ब्रिटेन में मौजूदा कोरोना स्थिति और यात्रा प्रतिबंधों को देखते हुए इस योजना को अब ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है और इसके बजाय डरहम में एक शिविर लगाया गया है।

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम की तैयारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह हम पर निर्भर नहीं करता है। हम यकीनन प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच चाहते थे, जो मुझे लगता है कि हमें नहीं दिए गए हैं। मुझे नहीं पता कि इसके क्या कारण हैं, लेकिन हां, इसके अलावा मुझे लगता है कि पहले टेस्ट के लिए तैयार होने के लिए हमारी तैयारी का समय पर्याप्त होगा।समझा जाता है कि काउंटी क्लब या इंग्लैंड लायंस के खिलाफ प्रथम श्रेणी अभ्यास मैचों की कमी का कारण ईसीबी द्वारा लागू कोरोना प्रोटोकॉल हैं। भारतीय टीम के डरहम पहुंचने के बाद उसे बायो-बबल में शामिल किया जाएगा। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की स्थिति कुछ नई नहीं है। वह इस गर्मी इंग्लैंड का दौरा कर रही अन्य तीन टीमों के समान स्थिति में हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ अपनी श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड के पास कोई अभ्यास मैच नहीं था, जबकि श्रीलंका और पाकिस्तान अपनी सीमित ओवर श्रृंखला की तैयारी के लिए काउंटी क्लबों से नहीं खेलेंगे। इतना ही नहीं इंग्लैंड ने भी सर्दियों के दौरान श्रीलंका और भारत के दौरे पर प्रथम श्रेणी टीमों के खिलाफ कोई अभ्यास मैच नहीं खेला था। उनका एकमात्र अभ्यास मैच श्रीलंका में एक इंट्रा-स्क्काड मैच था।


समझा जाता है कि काउंटी टीमों या लायंस के खिलाफ अभ्यास मैचों की कमी इंग्लैंड बोर्ड द्वारा लगाया गया कोविड प्रोटोकॉल है। भारतीय टीम जब डरहम में जमा होगी तो उसे बायो सुरक्षित बबल तक सीमित कर दिया जाएगा। टीम को अन्य लोगों के आसपास घूमने की अनुमति देना बायो बबल का उल्लंघन होगा। बायो बबल में घुसने वाले को प्रतिबंधित आइसोलेशन और टेस्टिंग से गुजरना होगा।

### अबू धाबी में बायो-बबल पर काम कर रहा बीसीसीआई

**नयी दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई ) शेष आईपीएल 2021 सत्र को पूरा करने के लिए अबू धाबी में बायो-बबल पर काम कर रहा है, हालांकि उसे अभी औपचारिक रूप से आईपीएल फ्रेंचाइजियों को लीग की पुनर्निर्धारित तारीखों और बायो-बबल प्रोटोकॉल के बारे में सूचित करना है। दरअसल आईपीएल के 18-19 सितंबर के आसपास फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

समझा जाता है कि अबू धाबी सरकार की एक हालिया अधिसूचना में कहा गया है कि केवल ग्रीन लिस्ट वाले देशों से यहां आने वाले लोगों को क्वारंटीन में रहने की जरूरत नहीं होगी, लेकिन अन्य देशों के आगुंतकों को क्वारंटीन में रहना होगा, जिसमें भारत भी शामिल है जिसने हाल ही में कोरोना की दूसरी लहर देखी है, इसलिए वह ग्रीन लिस्ट में नहीं है। अधिसूचना के मुताबिक ग्रीन लिस्ट में शामिल न होने वाले देशों के लोगों को वैक्सीन के दोनों डोज लगे होने पर पांच दिनों के क्वारंटीन में रहना पड़ेगा और अगर उन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है तो उन्हें 10 दिन तक क्वारंटीन में रहना होगा। उल्लेखनीय है कि अबू धाबी सरकार की यह नई अधिसूचना 24 जून से प्रभाव में आ गई है।जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के समन्वय से अबू धाबी सरकार के साथ काम कर रहा है, क्योंकि ऐसे कई भारतीय खिलाड़ी ब्रिटेन से अबू धाबी की यात्रा करेंगे, जो ग्रीन लिस्ट में नहीं है। असल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा कोई भी बड़ा क्रिकेट देश ग्रीन लिस्ट में नहीं है। इस बीच बीसीसीआई ब्रिटेन से यूएई में बबल टू बबल ट्रांसफर की उम्मीद कर रहा है और खिलाड़ियों के सुव्यस्थित तरीके से स्थानांतरण के लिए यूएई के अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

## दिल्ली की अदालत ने पहलवान सुशील कुमार की न्यायिक हिरासत 9 जुलाई तक बढ़ाई



**नयी दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में बाहरी पहलवान सागर हत्याकांड मामले में आरोपी दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को शुक्रवार की न्यायिक हिरासत अवधि नौ जुलाई तक बढ़ा दी है।

सुशील की हिरासत अवधि आज समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां अदालत ने एक बार फिर पहलवान की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ा दी है। जेल प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि सुशील को 9 जुलाई को पुनः अदालत के समक्ष पेश किया जाए।

रोहिणी स्थित मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल की अदालत के समक्ष सुशील पहलवान की पेशी हुई। इस मामले के जांच अधिकारी ने अदालत के समक्ष आरोपी की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाने का आग्रह किया, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। उल्लेखनीय है कि सुशील पर हत्या, गैर-इरादतन हत्या और अपहरण का आरोप है। उनके साथ 9 अन्य लोग भी न्यायिक हिरासत में हैं। पुलिस के मुताबिक, सुशील कुमार व अन्य पर कथित संपत्ति विवाद को लेकर अपने साथियों के साथ मिलकर चार मई और पांच मई के बीच स्टेडियम में सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों की पिटाई की थी। बाद में 23 वर्षीय सागर की चोटों के कारण मौत हो गई थी।

पुलिस ने दावा किया कि सुशील कुमार हत्या का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी उपलब्ध हैं जिसमें सुशील कुमार और उसके साथियों को सागर की पिटाई करते हुए देखा जा सकता है। सुशील कुमार को 23 मई को उनके साथी अजय कुमार सहरावत के साथ पकड़ा गया। अभी तक वह 10 दिन की पुलिस रिमांड व 23 दिनों न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। घटना के संबंध में सुशील कुमार समेत कुल 10 लोगों को अभी तक गिरफ्तार किया गया है।

बचाव पक्ष के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल सुशील कुमार व अन्य को मंडोली जेल से अब तिहाड़ की जेल नंबर 2 में शिफ्ट कर दिया गया है। दरअसल कोविड-19 के कारण नए मामलों में गिरफ्तार हो रहे लोगों को क्वारंटाइन करने के लिए मंडोली जेल के स्टॉफ क्वाटर में व्यवस्था की गई है। दिल्ली में कहीं से भी पकड़े गए आरोपी को पहले 14 दिन तक मंडोली जेल में क्वारंटाइन में रखा जाता है, उसके बाद उन्हें संबंधित जेलों में भेजा जा रहा है। सुशील को मंडोली जेल में 23 दिन हो गए थे, इसलिए उन्हें अब तिहाड़ जेल भेज दिया गया है।

## विलियम्सन को पछाड़ कर दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बने ऑस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ आईसीसी की बुधवार को जारी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले नंबर पर आ गए हैं। स्मिथ न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन को पीछे छोड़ते हुए 891 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर आ गए हैं, जबकि विलियम्सन हाल ही इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर होने के कारण दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। उनके 886 रेटिंग अंक हैं। स्मिथ पिछले साल बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंचे हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे मैट हेनरी करियर के सर्वश्रेष्ठ 307 रेटिंग अंकों के साथ 64वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल को भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 323 रेटिंग अंक मिले हैं। दोनों टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी रहे डेवोन कॉनवे बल्लेबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया जो बर्न्स के साथ संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के डैन लॉरेंस को दूसरे टेस्ट की पहली पारी में नाबाद 81 रनों की बदौलत 16 स्थानों की फायदा हुआ है और वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 396 अंकों पर पहुंच गए हैं।रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच के प्रदर्शन को भी जोड़ा गया है। इसके आधार पर दक्षिण अफ्रीका क्विंटन डी कॉक बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के चेतेश्वर पुजारा के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके हमवतन एड्रियन मार्करम को दो स्थानों का फायदा हुआ है और वह 14वें नंबर पर आ गए हैं।पूर्व नंबर एक टेस्ट गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबादा दो स्थानों के फायदे के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके हमवतन एनरिक नोर्त्जे ने करियर में पहली बार टॉप 30 में प्रवेश किया है, जबकि लुंगी एनगिदी 14 स्थानों की छलांग लगा कर 44वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज काइल जार्विस ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज काइल जार्विस ने 32 साल की उम्र में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की है। पिछले डेढ़ साल में लगी चोटें और बीमारियों का बढ़ना उनके संन्यास लेने के प्राथमिक कारणों में से एक है।

जार्विस ने अपने अब तक के क्रिकेट करियर में 84 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 132 विकेट लिए हैं। इसमें 46 टेस्ट विकेट, 58 वनडे, टी-20 में 28 और 320 विकेट प्रथम श्रेणी क्रिकेट के हैं। उन्होंने आखिरी बार 32 साल की उम्र में जिम्बाब्वे के लिए जनवरी 2020 में हरारे में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट खेला था और तभी उन्हें पीठ के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। जैसे ही वह धीरे-धीरे प्रशिक्षण में लौटे तो उन्हें एक ही समय पर कोरोना संक्रमित होने और मलेरिया और टिक काटने के बुखार होने का पता चला।

जिम्बाब्वे के पूर्व तेज गेंदबाज ने गुरुवार को अपने संन्यास लेने पर कहा, यह एक बहुत ही मुश्किल फैसला था कि मैं संन्यास ले लूं और यह एक ऐसा फैसना है जिसे समझने में मुझे काफी समय लगा। कोई भी व्यक्ति उस काम को करना बंद नहीं करना चाहता जिससे वह प्यार करता है। पिछले साल मेरी पीठ की चोट के बाद काफी अनिश्चितता थी कि क्या मैं दोबारा गेंदबाजी कर पाऊंगा। मैं भाग्यशाली था कि छह से आठ महीने के बाद मैं पूरी तरह से ठीक हो गया, लेकिन मुझे पता था कि मुझे भविष्य के लिए योजना बनानी शुरू करना होगी। उल्लेखनीय है कि जार्विस ने 2009 में अपना वनडे पदार्पण किया था और 2011 में अपने पहले टेस्ट और टी-20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया था। 2013 में उन्होंने इंग्लैंड में लंकाशायर के साथ काउंटी अनुबंध को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया, हालांकि वह फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए सितंबर 2017 में जिम्बाब्वे लौटे।

## बंगलादेश अगस्त में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी को लेकर आशावादी

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वह पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी को लेकर आशावादी हैं, हालांकि अगस्त में होने वाली इस सीरीज से जुड़े कई मुद्दों पर अभी फैसला नहीं हुआ है।

दरअसल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आगामी वेस्ट इंडीज और बंगलादेश दौरे के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, हालांकि आस्ट्रेलियाई बोर्ड ने कहा है कि पांच टी-20 मैचों के लिए बंगलादेश दौरे की पुष्टि होना बाकी है, क्योंकि यह दौरा बायो-बबल (जैव सुरक्षित) प्रबंध और संबंधित सरकारी अनुमोदन पर समझौते के अधीन है।समझा जाता है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मांग की है कि टीम के बंगलादेश में रहने के दौरान उसके होटल में कोरोनो के खिलाफ एहतियात के तौर पर कोई बाहरी सीमा नहीं होनी चाहिए।

बीसीबी ने चटोग्राम और ढाका में सीरीज की मेजबानी करने की योजना बनाई थी, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इसे स्वीकार करने के इच्छुक नहीं है, क्योंकि उसने मांग की थी कि पांचों टी-20 मुकाबले ढाका के शेर-ए-बंगला नेशनल स्टेडियम में खेले जाने चाहिए।

बीसीबी ने इससे पहले घोषणा की थी कि ऑस्ट्रेलिया वेस्ट इंडीज में अपना दौरा पूरा करने के बाद यहां पहुंचेगा और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि सभी अनिश्चितताओं के बावजूद ऐसा ही होगा, क्योंकि वह सभी मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं।निजामुद्दीन ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था, जब द्विपक्षीय दौरा तय होता है तो दोनों बोर्डों के बीच एक अंतिम पुष्टि होती है और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया यह सही कह रहा है कि दौरा पुष्टि के अधीन है, क्योंकि न तो हमने और न ही उन्होंने आधिकारिक तौर पर दौरे की पुष्टि की है। फिर भी हम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा रखी गई मांग पर काम कर रहे हैं और मुझे लगता है कि वह जो कह रहा है उस पर अमल करना असंभव नहीं है।

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के विशेष कॉन्टेंट प्रस्तुत करने के लिए फेसबुक और आईसीसी साझेदारी करेंगे




**नयी दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में पहुंचने के साथ ही, जब भारत और न्यूजीलैंड 18 जून से 22 जून तक आमने-सामने होंगे, क्रिकेट प्रशंसक आकर्षक मैच के रिकैप, इन-प्ले प्रमुख क्षणों और मैच के अन्य विशेष वीडियो-ऑन-डिमांड कॉन्टेंट फेसबुक वॉच पर देख सकेंगे।

इस क्षेत्र में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डिजिटल कॉन्टेंट पार्टनर के रूप में, फेसबुक लाखों प्रशंसकों को उनके पसंदीदा मैच के खास पलों और स्पोर्ट्स आइकन से जोड़ते हुए, क्रिकेट के प्रति भारतीय उपमहाद्वीप के प्यार को जारी रखता है। इस टेस्ट मैच का आकर्षक कॉन्टेंट फॉर्मेट बातचीत और चर्चा के लिए अवसर प्रदान करते हुए, प्रशंसक समुदाय के भीतर खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा देगा, और इसके साथ ही, प्रशंसकों को अपने पसंदीदा मैच के क्षणों को दोस्तों और परिवार के साथ साझा करने में सक्षम बनाएगा। विशेष वीडियो-ऑन-डिमांड कॉन्टेंट आईसीसी के फेसबुक पेज पर प्रदर्शित किए जाएंगे।फेसबुक वॉच को इस भरोसे के साथ तैयार किया गया है कि वीडियो देखकर लोग एक-दूसरे से अधिक गहराई से जुड़ सकें। फेसबुक लगातार लोगों को आपस में जोड़ने वाले वीडियो अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है और यह बताने के लिए मौजूद है कि क्रिकेट, प्लेटफॉर्म पर सोशल व्यूइंग के अनुभव बनाने और समुदाय को एक साथ लाने की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है।

इस अवसर पर, मनीष चोपड़ा, डायरेक्टर एवं हेड ऑफ पार्टनरशिप्स, फेसबुक इंडिया ने कहा लोगों को अपने प्लेटफॉर्म पर एक साथ लाने, बातचीत जारी रखने और कनेक्शन बनाने का हमारा निरंतर प्रयास जारी है। आईसीसी के साथ अपनी साझेदारी के जरिये, हमारा ध्यान फेसबुक वॉच पर उपमहाद्वीप में क्रिकेट प्रशंसकों के लिए बेस्ट-इन-क्लास और प्रीमियम एक्शन लाने पर केंद्रित है।

साझेदारी के बारे में बताते हुए, अनुराग दहिया, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, आईसीसी ने कहा , हाल के दिनों में आईसीसी के विशाल आयोजनों के दौरान हुई डिजिटल खपत में हमारी रिकॉर्ड-तोड़ वृद्धि दुनिया भर के विभिन्न तरह के दर्शकों के साथ अधिक गहराई से जुड़ने की क्रिकेट की लगातार उपलब्ध शक्ति को प्रदर्शित करती है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के उद्घाटन के लिए फेसबुक के साथ यह साझेदारी उस जुड़ाव को मजबूती प्रदान करने में मदद करेगी।

## एवरेस्ट फतह करने वाले पहले कश्मीरी नागरिक बने महफूज इलाही

**श्रीनगर, वार्ता।**जम्मू कश्मीर के दक्षिणी कुलगाम जिले के निवासी 26 वर्षीय महफूज इलाही हजाम इस महीने की शुरुआत में दुनिया के सबसे ऊंचे शिखर माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह करने वाले पहले कश्मीरी नागरिक बन गए हैं और उनकी इस उपलब्धि पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने उन्हें बधाई दी है।महबूबा, जो पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि तमाम बाधाओं के बावजूद प्रदेश के युवा ने महान कारनामा कर दिखाया है। महबूबा ने ट्विटर पर लिखा, माउंट एवरेस्ट फतह करने के लिए कुलगाम के महफूज इलाही को बधाई। तमाम बाधाओं के बावजूद जम्मू-कश्मीर के युवा ने यह कारनामा कर दिखाया है।''नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने ट्वीट किया,बधाई हो महफूज, आप नयी ऊंचाइयों को छूते रहें।पहलगाम के अरु में जवाहर इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड विंटर स्पोर्ट्स में एक नागरिक प्रशिक्षक महफूज ने एक जून, 2021 को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी। इस अभियान का नेतृत्व कर्नल एलएस थापा ने किया, जो एक प्रसिद्ध पर्वतारोही हैं, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट को दो बार फतह किया है।

## बीसीसीआई ने जेकेसीए के कामकाज को देखने के लिए बनाई उप-समिति

**नयी दिल्ली, वार्ता।**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अदालत के फैसले के अनुसार जम्मू- कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) के कामकाज को देखने के लिए एक उप-समिति का गठन किया है।दरअसल जम्मू-कश्मीर के उच्च न्यायालय की एक डिवीजन बेंच ने मार्च में बीसीसीआई को एक समिति बनाने का निर्देश दिया था, जिस पर अमल करते हुए बीसीसीआई ने एक समिति का गठन किया था। बीसीसीआई के मुताबिक इस समिति में बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली, सचिव जय शाह, कोषाध्यक्ष अरुण धूमल और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला शामिल हैं। बोर्ड ने बुधवार को इस समिति की देखरेख में जेकेसीए के दिन-प्रतिदिन के कामकाज को देखने के लिए एक उप-समिति के गठन की घोषणा की है।बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, उप-समिति में ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता, मिथुन मन्हास और सुनील सेठी शामिल हैं। इसके अलावा माजिद डार श्रीनगर में क्रिकेट के विकास को देखेंगे और उप-समिति के सदस्यों को रिपोर्ट करेंगे।

## भारत ओलम्पिक मुक्केबाजी में जीतेगा चार पदक : सरिता देवी

**नयी दिल्ली वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन एल सरिता देवी का मानना है कि भारत के पास इस बार 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले टोक्यो ओलम्पिक में मुक्केबाजी में कम से कम चार पदक जीतने का अच्छा मौका है।

सरिता ने दिल्ली लेट्स प्ले के साथ विशेष बातचीत में यह बात कही। भारत के नौ मुक्केबाजों ने इस बार टोक्यो के लिए क्वालीफाई किया है।सरिता ने कहा, भारत के पास इस वर्ष होने वाले टोक्यो ओलम्पिक में काफी अच्छा मौका है। सभी क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी क्वालीफाई कोचों और सपोर्ट स्टाफ की निगरानी में अपनी तैयारी अच्छी तरह कर रहे हैं। खेल मंत्रालय खिलाड़ियों को वह सब उपलब्ध करा रहा है जिसकी उन्हें जरूरत है। इसे देखते हुए मुझे लगता है कि भारत के पास पिछले संस्करणों के मुकाबले इस बार काफी अच्छा मौका है।

ओलम्पिक में पदकों की संख्या के बारे में पूछने पर सरिता ने कहा,%%मैं पहले मुक्केबाजी के बारे में कहूंगी। मुझे लगता है कि भारत इस बार मुक्केबाजी में कम से कम चार पदक जीत सकता है क्योंकि हमारे खिलाड़ियों को परफेक्ट ट्रेनिंग वातावरण मिला है। हम तीरंदाजी, कुश्ती , निशानेबाजी और बैडमिंटन में भी पदक की उम्मीद कर सकते हैं और भारत हॉकी में भी पदक जीत सकता है।

खिलाड़ियों की तैयारियों में कोविड के किसी तरह का प्रभाव पड़ने के बारे में पूछने पर पूर्व विश्व चैंपियन ने कहा ,%%जहां तक कोविड के मुद्दे और लॉकडाउन की बात है तो मैं कहूंगी कि हमारे पास ओलम्पिक की तैयारी के लिए ढेर सारा समय था और खिलाड़ियों को पूरा एक्सपोजर, टूर और टूर्नामेंट मिले इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोविड का भारत की ओलम्पिक में संभावनाओं पर कोई बहुत ज्यादा असर पड़ा होगा।

अपनी दिनचर्या और रिंग में वापसी के बारे में पूछने पर सरिता ने कहा,मैं कोविड से पहले अपनी अकादमी में मुक्केबाजों को ट्रेनिंग दे रही थी लेकिन अब ट्रेनिंग की गंभीरता को कम कर दिया है। मैं अभी भी फिट हूं और किसी भी दिन वापसी कर सकती हूं।भविष्य की अपनी योजनाओं के बारे में पूछने पर सरिता ने कहा,मेरा लक्ष्य अपनी अकादमी से जितना हो सके उतने चैंपियन मुक्केबाज तैयार करना है और देश में अन्य प्रतिभाशाली मुक्केबाजों की मदद करनी है जो बड़े आयोजनों राष्ट्रमंडल और एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप तथा ओलम्पिक में पदक जीत सकें। सरिता ने आखिर में कहा कि वह इस साल की समाप्ति से पहले मुक्केबाजी से अपने संन्यास की घोषणा कर देंगी।

## टोक्यो ओलंपिक के लिए महिला हॉकी टीम घोषित ,8 अनुभवी और 8 नयी खिलाड़ी शामिल

**बेंगलुरु,वार्ता।** हॉकी इंडिया ने टोक्यो ओंलपिक खेलों 2020 की तैयारियों के अंतिम चरण पर पहुंचने के साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है।हॉकी इंडिया ने गुरुवार को रियो ओलंपिक 2016 से निरंतरता और टोक्यो ओलंपिक के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाने के बीच 16 सदस्यों वाली संतुलित टीम की घोषणा की। टीम में आठ अनुभवी एवं दिग्गजों, जबकि आठ नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिन्हें ओलंपिक में पदार्पण करने का मौका मिलेगा।

खिलाड़ियों की अंतिम सूची में रानी, सविता, दीप ग्रेस एक्का, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, निक्की प्रधान, नवजोत कौर और वंदना कटारिया जैसी आठ दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें 36 साल के अंतराल के बाद 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में भारतीय महिला टीम का प्रतिनिधित्व करने का अनुभव है। इन आठों खिलाड़ियों ने भारत के लिए कुल 1492 मैच खेले हैं। ऐसे में इन्हें ओलंपिक मेडल की तलाश में टीम का नेतृत्व करने का काम सौंपा जाएगा।यह भारतीय महिला हॉकी टीम की ओलंपिक खेलों में तीसरी उपस्थिति होगी और उनका लगातार दूसरा दौरा होगा। रियो 2016 के बाद से टीम ने 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप, 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने और इतिहास में पहली बार 2018 महिला विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने का शानदार अनुभव किया है।

टोक्यो ओलंपिक में पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों में ड्रैग-फ्लिकर गुरजीत कौर, उदिता, निशा, नेहा, नवनीत कौर, शर्मिला देवी, लालरेम्सियामी और सलीमा टेटे शामिल हैं। लालरेम्सियामी टीम में मिजोरम की पहली खिलाड़ी हैं, जबकि सलीमा टेटे ब्यूनस आयर्स में 2018 युवा ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम का हिस्सा बनी थी।भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शुअर्ड मरिने जने ने टीम चयन पर कहा, इस टीम ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत मेहनत की है और लगातार प्रगति की है। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और नई प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण है, जो बेहतरीन है। हम टोक्यो में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तत्पर हैं। यह एक ऐसी टीम है, जिसमें बहुत अधिक क्षमता और जोश है जिसे हम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इस्तेमाल करने की उम्मीद करते हैं।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारत की एकादश घोषित

**साउथम्पटन,वार्ता।** न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां एजेस बाउल स्टेडियम में कल से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को अपनी एकादश घोषित कर दी।

बीते दिनों घोषित हुई 15 सदस्यीय टीम के चार सदस्य हनुमा विहारी, रिद्धिमान साहा, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव एकादश से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम प्रबंधन पांच गेंदबाजों के साथ गया है। रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा दो स्पिनर होंगे, जबकि अन्य तीन तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह होंगे।

2014 के बाद यह दूसरा मौका है, जब जडेजा और अश्विन इंग्लैंड में एक साथ टेस्ट मैच खेलेंगे। समझा जाता है कि रोहित शर्मा और शुभमन गिल पारी की शुरुआत करेंगे। इसके बाद मध्य क्रम में चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत रहेंगे।

भारत की एकादश = विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह।

# सेंसेक्स 226 अंक और निफ्टी 70 उछला



**मुंबई वार्ता।** वैश्वीक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर धातु, बैंक, वित जैसे समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन रिलायंस इंडस्ट्रीज मे भारी बिकवाली होने के बावजूद बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 226 अंक चढ़कर 52925.04 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 70 अंकों की बढ़त के साथ 15807.35 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का रुख देखा गया जिससे बीएसई का मिड कैप 1.03 प्रतिशत बढकर 22549.65 अंक और स्मॉल कैप 0.40 प्रतिशत चढकर 24996.23 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल अधिकांश समूह में तेजी रही जिसमें धातु 2.79प्रतिशत, बैंकिंग 1.52 प्रतिशत, बेसिक मैटेरियल 1.33 प्रतिशत, सीजी 1.22 प्रतिशत, वित्त 1.24 प्रतिशत, हेल्थ केयर 1.20 प्रतिशत और टेलीकॉम 1.24 प्रतिशत शामिल है। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज में हुई बिकवाली के कारण एनर्जी समूह 1.78 प्रतिशत, तेल एवं गैस 1.04 प्रतिशत और यूटिलिटीज 1.04 प्रतिशत फिसल गया।

वैश्विक बाजारों में तेजी देखी गई जिसमें हांगकांग का हैंगसेंग 1.40 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.15 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.66 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 प्रतिशत चढ गया। इस दौरान जर्मनी का डेक्स 0.12 प्रतिशत फिसल गया।सकारात्मक संकेतों के बल पर हुई लिवाली से बीएसई का सेंसेक्स 178 अंकों की तेजी के साथ 52877.16 अंक पर खुला। शुरुआती कारोबार में ही यह 52614.49 अंक के निचले स्तर तक उतरा। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के बल पर यह 52973.07 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 52699 अंक की तुलना में 0.43 फ़ीसदी अर्थात 226.04 अंक बढ़कर 52925.04 अंक पर रहा।


इसी तरह से एनएससी का निफ्टी 49 अंकों की बढ़त के साथ 15839.35 अंक पर खुला सत्र के दौरान यह 15870.80 अंक के उच्चतम और 15772.30 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 15790.45 अंक की तुलना में 69.90 अंक अर्थात 0.44 प्रतिशत बढ़कर 15860.35 अंक रहा। कारोबार के दौरान निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 35 हरे निशान में जबकि 16 लाल निशान में रही। एक कंपनी में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सेंसेक्स ममें बढ़त में रहने वालों में टाटा स्टील 4.65 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 3.02 प्रतिशत, स्टेट बैंक 2.79 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.34प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.56 प्रतिशत, मारुति 1.52 प्रतिशत एल टी 1.25 प्रतिशत, एयरटेल 1.17 प्रतिशत, सन फार्मा 1.13 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 1.11 प्रतिशत, इंफोसिस 0.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 0.87 प्रतिशत, आईटीसी 0.84 प्रतिशत, एचडीएफसी 0.82 प्रतिशत, डॉ रेड्डी 0.62 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.53 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.52 प्रतिशत, एचसीएल टेक 0.48 प्रतिशत, महिंद्रा 0.25प्रतिशत और टीसीएस 0.21प्रतिशत शामिल है।गिरावट में रहने वालों में रिलायंस इंडस्ट्रीज 2.28 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.69 प्रतिशत, हिंदुस्तान युनिलीवर1.64 प्रतिशत, टाइटन 1.41प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.30 प्रतिशत, बजाज ऑटो 0.73 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 0.54प्रतिशत, अल्ट्रा टेक सीमेंट 0.53 प्रतिशत , कोटक बैंक 0.18प्रतिशत और पॉवर ग्रिड 0.13 प्रतिशत शामिल है।

## रुपया दो पैसे टूटा

**मुंबई वार्ता।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा में रही मजबूती के कारण आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया दो पैसे टूटकर 74.20 रुपए प्रति डॉलर पर रहा।रुपया पिछले दिवस 74.18 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 3पैसे की तेजी लेकर 74.15रुपए प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.14 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम और 74.25 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह 2पैसे फिसलकर 74.20रुपए प्रति डॉलर पर रहा।

## खाद्य तेल, दलहन, चीनी, गुड़ , गेहूं स्थिर, चावल नरम



**नयी दिल्ली वार्ता।** विदेशों में खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में शुक्रवार को वनस्पति 146 रुपए टूट गया और अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान दालों के साथ ही गेहूं और चीनी में स्थिरता रही जबकि चावल नरम रहा।

तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा दो रिंगिट फिसलकर 3,375 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.78 सेंट चढ़कर 54.11 सेंट प्रति पाउंड बोला गया।

स्थानीय बाजार में मांग कमजोर रहने से वनस्पति 146 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया जबकि सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, पॉम ऑयल, सरसों तेल और सोया तेल के भावों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

स्थानीय बाजार में ग्राहकी आने से सूरजमुखी तेल 220 रुपये, सरसों तेल 147 रुपये और मूंगफली तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। कम उठाव के दबाव में सोया तेल 294 रुपये और पाम ऑयल तथा वनस्पति 147-147 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16,996 रुपये, मूंगफली तेल 19,193 रुपये, सूरजमुखी तेल 19,267 रुपये, सोया रिफाइंड 15,091 रुपये, पाम ऑयल 12,527 रुपये और वनस्पति तेल 13,479 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन= चना 4,450-4,550, दाल चना 5,550-5,650, मसूर काली 6850-7050, मूंग दाल 9100-9350, उड़द दाल 9300-9600, अरहर दाल 8700-9050 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज = चावल की कीमत 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई जबकि गेहूं 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

सप्ताहांत पर अनाज (भाव प्रति क्विंटल) = गेहूं दड़ा 1920-1930 रुपये और चावल = 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।चीनी गुड़ = मीठे के बाजार में ग्राहकी बढ़ने से चीनी में 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चीनी एस 3460-3550, चीनी एम. 3450-3550, मिल डिलीवरी 3250-3350 और गुड़ 3050-3150 रुपये प्रति क्विंटल पर रहे।

## 10 सप्ताह बाद विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 603.93 अरब डॉलर पर

**मुंबई वार्ता।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार 10 सप्ताह की तेजी को बनाए रखने में असफल हो गया और गत 18जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.14अरब डॉलर घटकर 603.93अरब डॉलर पर आ गया।11 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.07 अरब डॉलर बढ़कर 608.08 अरब डॉलर पर पहुंच गया और तब भारत इस मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया था।भारतीय रिजर्व बैंक के आज जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.14 अरब डॉलर घटकर 603.93 अरब डॉलर पर आ गया।विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.97 अरब डॉलर गिरकर 561.54 अरब डॉलर पर रहा। इस दौरान स्वर्ण भंडार 2.17 अरब डॉलर घटकर 35.93 अरब डॉलर पर रहा।

## रियलमी ने पेश किये नार्जो 30 सीरीज में दो नए एडिशन



**लखनऊ ब्यूरो।** 5 जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले देश के पहले ब्रांड रियलमी ने शुक्रवार को अपने नार्ज़ो फैमिली में नए सदस्य रियलमी नार्ज़ो 30 5जी और रियलमी नार्ज़ो 30 लॉन्च किए। इनके साथ रियलमी स्मार्ट टीवी फुल एचडी 32 इंच और रियलमी बड्स क्यू2 भी लॉन्च किए।

कंपनी का दावा है कि रियलमी नार्ज़ो 30 5जी सबसे किफायती 6जीबी 5जी स्मार्टफोन है एवं रियलमी नार्ज़ो 30 एक शक्तिशाली जी95 है। रियलमी नार्ज़ो 30 5जी रेसिंग सिल्वर एवं रेसिंग ब्लू में उपलब्ध होगा तथा इसके 6जीबी 128जीबी वैरिएंट का मूल्य 15,999 रूपये है। इसकी पहली सेल 30 जून दोपहर 12 बजे से रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन चैनल्स पर होगी।

रियलमी नार्ज़ो 30 दो स्टोरेज़ वैरिएंट्स में 12,499 रुपये (4जीबी 64जीबी) और 14,499 रूपये (6जीबी 128जीबी) की कीमत में 29 जून से रियलमी.कॉम, फ्लिपकार्ट और मेनलाईन चैनल्स पर उपलब्ध होगा वहीं रियलमी स्मार्ट टीवी फुल एचडी 32'' टीवी पर एक साल की वॉरंटी और स्क्रीन पर एक साल की अतिरिक्त वॉरंटी के साथ आता है। इसका मूल्य 18,999 रूपये रखा गया है। इसकी पहली सेल 29 जून से होगी।

माधव शेठ, वाईस प्रेसिडेंट, रियलमी एवं चीफ एक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, रियलमी इंडिया एवं यूरोप ने फोन की खूबियां गिनाते हुये कहा, रियलमी नार्ज़ो 30 5जी एवं रियलमी नार्ज़ो 30 द्वारा यूज़र्स, खासकर युवा गेमर्स पीक परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। नए स्मार्ट टीवी फुल एचडी 32 इंच के साथ यूज़र्स को ट्रू सिनेमेटिक व्यूइंग अनुभव एवं सर्वश्रेष्ठ ऑडियो और विज़ुअल क्वालिटी किफायती दामों में मिलेंगे। साथ ही रियलमी बड्स क्यू2 के लॉन्च के साथ यूज़र्स किफायती मूल्य में एक्टिव न्वाईज़ कैंसेलेशन का अनुभव ले सकेंगे।

इस स्मार्टफोन में फास्ट साईड फिंगरप्रिंट स्कैनर है। इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी है और स्मार्ट 5जी पॉवर सेविंग है, जो स्मार्ट 5जी फीचर से रहित स्मार्टफोंस के मुकाबले 30 प्रतिशत कम पॉवर कंज़ंप्शन संभव बनाती है। इसके कैमरा मॉड्यूल में 48 मेगापिक्सल का हाई रिज़ॉल्यूशन प्राईमरी कैमरा, ब्लैकएंडव्हाईट पोर्ट्रेट लैंस, मैक्रो लैंस एवं 16 मेगापिक्सल का अल्ट्रा क्लियर फ्रंट कैमरा है, जो बेहतरीन सेल्फी लेता है। इसका वजन 185 ग्राम है।

रियलमी स्मार्ट टीवी 85 प्रतिशत तक एनटीएससी तक अल्ट्रा वाईड गेमट के साथ 16.7 मिलियन कलर्स प्रस्तुत करता है। यह क्रोमा बूस्ट फंक्शन के साथ सुगम अनुभव प्रदान करता है और ट्रू डिटेल्स, ब्राईटनेस एवं कलर्स को रिस्टोर करता है ओर एलगोरिद्म इंजन के अद्वितीय ह्यूमन विज़ुअल मॉडल द्वारा मानव आंख के तुल्य अनुभव उत्पन्न करता है।

# कर्मचारियों की घटेगी सैलरी, बढ़ेगा पीएफ और ओवरटाइम का मिलेगा फायदा

**नयी दिल्ली वार्ता।** आपके काम के घंटों से लेकर आपकी ग्रेच्युटी और पीएफ में भी बड़ा बदलाव एक अप्रैल से होने वाला था, लेकिन राज्यों की तैयारी न होने और कंपनियों को एचआर पॉलिसी बदलने के लिए अधिक समय देने के लिए इन्हें फिलहाल टाल दिया गया। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि एक जून से मजदूरी संहिता लागू हो सकती है। इससे कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और भविष्य निधि (पीएफ) मद में बढ़ोतरी होगी। वहीं, हाथ में आने वाली टेक होम सैलरी घटेगी। यहां तक कि कंपनियों की बैलेंसशीट भी प्रभावित होगी।

### भत्ते कुल सैलेरी के अधिकतम 50 फीसद होंगे

वेज (मजदूरी) की नई परिभाषा के तहत भ□ा कुल सैलेरी के अधिकतम 50 फीसद होंगे। इसका मतलब है कि मूल वेतन (सरकारी नौकरियों में मूल वेतन और महंगाई भ□ा) अप्रैल से कुल वेतन का 50 फीसदी या अधिक होना चाहिए। गौरतलब है कि देश के 73 साल के इतिहास में पहली बार इस प्रकार से श्रम कानून में बदलाव किए जा रहे हैं। सरकार का दावा है कि नियोक्ता और श्रमिक दोनों के लिए फायदेमंद साबित होंगे।


### काम के घंटे 12 घंटे बदलने का प्रस्ताव

नए ड्रा□ट कानून में कामकाज के अधिकतम घंटों को बढ़ाकर 12 करने का प्रस्ताव पेश किया है। ओएसच कोड के ड्रा□ट नियमों में 15 से 30 मिनट के बीच के अतिरिक्त कामकाज को भी 30 मिनट गिनकर ओवरटाइम में शामिल करने का प्रावधान है। मौजूदा नियम में 30 मिनट से कम समय को ओवरटाइम योग्य नहीं माना जाता है। ड्रा□ट नियमों में किसी भी कर्मचारी से 5 घंटे से ज्यादा लगातार काम कराने को प्रतिबंधित किया गया है। कर्मचारियों को हर पांच घंटे के बाद आधा घंटे का विश्राम देने के निर्देश भी ड्रा□ट नियमों में शामिल हैं।

नए ड्रा□ट रूल के अनुसार, मूल वेतन कुल वेतन का 50त्न या अधिक होना चाहिए। इससे ज्यादातर कर्मचारियों की वेतन संरचना बदलेगी, □योंकि वेतन का गैर-भ□ा वाला हिस्सा आमतौर पर कुल सैलेरी के 50 फीसदी से कम होता है। वहीं कुल वेतन में भ□ों का हिस्सा और भी अधिक हो जाता है। मूल वेतन बढ़ने से आपका पीएफ भी बढ़ेगा। पीएफ मूल वेतन पर आधारित होता है। मूल वेतन बढ़ने से पीएफ बढ़ेगा, जिसका मतलब है कि टेक-होम या हाथ में आने वाला वेतन में कटौती होगी।

नए कानून से लोगों को रिटायरमेंट के बाद सुखद जीवन जीने में आसानी होगी। ग्रेच्युटी और पीएफ में योगदान बढ़ने से रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी होगी। उच्च-भुगतान वाले अधिकारियों के वेतन संरचना में सबसे अधिक बदलाव आएगा और इसके चलते वो ही सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। पीएफ और ग्रेच्युटी बढ़ने से कंपनियों की लागत में भी वृद्धि होगी।

## संक्रमण के सुस्त पड़ने के साथ बढ़ने लगी हवाई यात्रियों की संख्या



नयी दिल्ली वार्ता। कोविड-19 के संक्रमण की र□तार कम होने के साथ ही देश में हवाई यात्रियों की सं□या एक बार फिर बढ़ने लगी है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को 819 उड़ानों में 56,900 यात्री अपने गंतव्यों के लिए रवाना हुये। महामारी की दूसरी लहर के कारण 18 मई को यात्रियों की सं□या घटकर 40 हजार से नीचे रह गई थी। उस दिन 641 उड़ानों में 39,370 लोगों ने सफर किया था। लेकिन इसके बाद इसमें नियमित रूप से सुधार हो रहा है।गत 19 मई को 707 उड़ानों में 45,532 यात्री, 20 मई को 725 उड़ानों में 48,197 यात्री और 21 मई को 761 उड़ानों में 49,819 यात्री रवाना हुये।एक समय कोविड-19 के हर रोज चार लाख से अधिक मामले सामने आ रहे थे। अब इसमें तेजी से गिरावट आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में करीब 2.41 लाख नये मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।दूसरी लहर के सुस्त होने के साथ अब अधिक लोग हवाई यात्रा कर रहे हैं। हालांकि शनिवार का 56 हजार 900 यात्रियों आंकड़ा इस साल फरवरी और मार्च के दैनिक औसत से काफी कम है। फरवरी में हर दिन औसतन 2.80 यात्रियों ने विमान में सफर किया था। मार्च में यह औसत घटकर 2.50 लाख और अप्रैल में 1.91 लाख पर आ गया था।पिछले साल 25 मार्च से दो महीने के लिए देश में नियमित यात्री उड़ानें पूरी तरह बंद रही थीं। उसके बाद 25 मई 2020 से घरेलू मार्गों पर नियमित उड़ानें दुबारा शुरू की गई थीं। इस साल फरवरी तक हर महीने यात्रियों की सं□या पिछले महीने की तुलना में बढ़ी थी जबकि इसके बाद लगातार तीन महीने इसमें गिरावट आई है।

# लेवरेज एडु ने 5 करोड़ की स्टडी अब्रॉड स्कॉलरशिप लॉन्च की




**नयी दिल्ली वार्ता।** लेवरेज एडु ने आज उन भारतीय छात्रों के लिए भारत की सबसे बड़ी स्टडी अब्रॉड स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की, जो आगामी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए विदेशों में पढ़ाई की योजना बना रहे हैं।

पहल के हिस्से के रूप में छात्र एक आवेदन कर सकते हैं, जो उनसे पूछता है कि उन्हें स्कॉलरशिप क्यों मिलनी चाहिए। यह भारत के छात्रों को उनकी ट्यूशन फीस, रहने के खर्च, लैपटॉप जीतने, स्टडी टूर की लागत पर छूट, और कैम्पस के अंदर के कामों तक पहुंच का सरलीकरण करता है। इस पांच करोड़ की स्कॉलरशिप से सैकड़ों छात्रों को लाभ होने की उम्मीद है।

लेवरेज एडु के संस्थापक व सीईओ अक्षय चतुर्वेदी ने स्कॉलरशिप की घोषणा करते हुए कहा, एक स्टूडेंट-फर्स्ट प्लेटफॉर्म के रूप में छात्रों के सपनों को हरसंभव तरीके से पूरा करना हमारा धर्म है। समय के साथ हमने सही करियर सलाह तक पहुंच बढ़ाने पर काम किया है, जिससे प्रत्येक छात्र को अपने सपने को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह समझते हुए कि नतीजे इस बात से जूड़े हैं कि %यूनिवर्सिटी के बाद एक छात्र क्या कर सकता है% तो हमने अपने शिक्षाशास्त्र का उपयोग छात्रों के साथ आगे भी काम करने के लिए किया है। यह ऐसे कौशल हैं जो बेस्ट-इन-क्लास हैं और इसे पोस्ट ग्रेजुएशन नौकरियों से जोड़ते हैं। हमारे मैचिंग एल्गोरिदम, वर्चुअल भर्ती मेले का प्लेटफॉर्म, और कई अन्य सुविधाएं छात्र को आगे बढ़ाने और सफलता हासिल करने के अप्रोच के साथ ही विकसित की गई हैं। यहां अगला तार्किक कदम यह समझना था कि कुछ के लिए %वित्तीय विचार भी सीमित रहने का फेक्टर है%। यह और अधिक स्पष्ट हो गया क्योंकि हमारा ग्राहक आधार भारत के गैर-मेट्रो भागों से 60 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जहां थोड़ी-सी मदद बहुत आगे बढ़ सकती है। लेवरेज एडु स्कॉलरशिप प्रोग्राम छात्रों पर दबाव कम करने के लिए है, और कुछ लैंडिंग ऑफर भी दे रहे हैं, जो उनकी ट्यूशन फीस की लागत को कम कर देंगे, जबकि अन्य के लिए यह अप्रत्यक्ष रूप से उनके अन्य कैंपस खर्चों को कवर करेगा, जो उन्हें यूनिवर्सिटी में सफल होने में मदद कर सकते हैं।

स्कॉलरशिप में एक रोलिंग एप्लिकेशन है और विजेताओं की घोषणा हर पखवाड़े की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि छात्रों को स्कॉलरशिप के लिए कैसे आंका जाएगा तो उन्होंने कहा , हम वास्तव में ऐसे छात्रों की तलाश कर रहे हैं जो अपने आप पर विश्वास करते हैं कि विदेश जाने का अवसर मिलने पर उन्हें अपने और अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। उनका मूल्यांकन उनके उत्तरों और प्रोफाइल की योग्यता के आधार पर किया जाएगा; विजेताओं का चयन अकादमिक और वरिष्ठ पेशेवरों की जूरी द्वारा किया जाएगा जिन्हें हमने एक साथ रखा है।

## फ्यूचर रिटेल के कर्जदाताओं ने कर्ज पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली वार्ता।** कर्ज में डूबी □यूचर रिटेल लि. को कर्ज दे रखे संस्थानों से कंपनी के मौजूदा वि□ीय ऋण को लेकर पुनर्गठन योजना को मंजूरी मिल गयी है। यह मंजूरी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की कोविड संबंधित दबाव के लिए लाई गई समाधान व्यवस्था के तहत दी गयी है। □यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) ने शनिवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पुनर्गठन योजना अब मंजूरी के लिए आरबीआई द्वारा के वी कामत की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति को भेजी जाएगी कंपनी के अनुसार समाधान योजना के तहत एफआरएल द्वारा गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये जुटाये गए ऋण भी मौजूदा कर्ज का हिस्सा होगा और उसे भी पुनर्गठित करने का प्रस्ताव है। सूचना में कहा गया है कि कंपनी के निदेश्क मंडल ने भी शनिवार को हुई बैठक में पुनर्गठन योजना को मंजूरी दे दी। कंपनी को समाधान रूपरेखा के साथ वि□ीय दबाव से बाहर निकलने की उ□मीद है।

शेयर बाजार को भेजी गयी सूचना में कहा गया है, निदेशक मंडल की 17 अप्रैल, 2021 को हुई बैठक में बैंकों से लिए गए मौजूदा सुरक्षित वि□ीय कर्ज को लेकर पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी गयी है। यह मंजूरी रिजर्व बैंक द्वारा घोषित कोविड-19 संबंधित दबाव के लिए समाधान व्यवस्था के तहत दी गयी है। कंपनी ने यह भी कहा कि बैंकों ने समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। अब यह केवी कामत की अध्यक्षता में रिजर्व बैंक द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की मंजूरी पर निर्भर है। कर्ज पुनर्गठन के बाद कंपनी को पटरी पर आने की उ□मीद है।

## कंपनी का रेमडेसिविर सबसे सस्ता, सरकार ने घटा दिए दाम

**नयी दिल्ली वार्ता।** कोरोना के गंभीर मरीजों के उपचार में इस्तेमाल होने वाली दवा रेमडेसिविर के दामों में भारी कमी की गई है। इस दवा को देश में सात कंपनियां बना रही हैं, जो इसे अभी तक 2800 से 5400 रुपये प्रति इंजे□शन की एमआरपी पर बेच रहीं थीं, लेकिन अब ये कीमतें 899 से 3490 रुपये प्रति इंजे□शन के बीच कर दी गई है। राष्ट्रीय औषध मूल्य प्राधिकरण (एनपीपीए) ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि देश में रेमडेसिविर की उपल□धता बढ़ाने और लोगों को इसे आसानी से उपल□ध कराने के लिए सरकार ने इसका उत्पादन कर रही कंपनियों से कीमतों में कमी का अनुरोध किया था। कंपनियों ने इसे स्वीकार करते हुए स्वेच्छा से मूल्यों में कमी का ऐलान किया है।एनपीपीए के सदस्य सचिव डॉ. विनोद कोटवाल की तरफ से जारी आदेश के अनुसार अब कैडिला हेल्थकेयर द्वारा बनाई जा रही रेमडेसिविर इंजे□शन रेमडेक सबसे सस्ता 899 रुपये का होगा। यह 100 मिलीटर का इंजे□शन होता है। कैडिला के इंजे□शन के पहले भी दाम सबसे कम 2800 रुपये थे। बायोकान बायोलाजि□स इंडिया ने अपने इंजे□शन रेमविन की कीमत 3950 से घटाकर 2450 कर दी है।डॉ. रेड्डी लैब ने रेडे□स की कीमत 5400 से घटाकर 2700 करने का ऐलान किया है। सिप्ला ने सिपरेमी की कीमत 4000 से घटाकर 3000, माइलन फार्मास्युटिकल ने अपने ब्रांड डेसरेम की कीमत 4800 से 3400, जुबिलेंट जेनेरि□स ने जुबी-आर की कीमत 4700 से 3400 तथा हेटेरो हेल्थकेयर ने कोविफार की कीमत 5400 से कम करके 3490 रुपये कर दिया है।

## अमेजन-पे पर 50 लाख कारोबारी रजिस्टर्ड

**नयी दिल्ली वार्ता।** ऑनलाइन प्लैटफार्म के जरिये उत्पादों की बिक्री सुविधा देने वाली कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि उसने अमेजन-पे के जरिये 50 लाख कारोबारियों का पंजीकरण किया। कंपनी ने कहा कि वह भारत में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमबी) की मदद पर उसका ध्यान दे रही है। अमेजन-पे कंपनी की भुगतान प्रणाली कंपनी है। कंपनी ने कहा है कि इन पंजीकृत व्यवसायियों में से बहुत से पहले केवल नकद भुगतान ही स्वीकार किया करते थे, लेकिन अब वे अमेजन- पे के □यूआर कोड का इस्तेमाल करते हुए ग्राहकों से भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। अमेजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुसेल ग्रांडिने□ी ने अमेजन संभव कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा, 2019 के बाद से अमेजन-पे के जरिये हमने 50 लाख व्यवसायियों को पंजीकृत किया है और चार करोड़ ग्राहकों ने हमारी इस सेवा के जरिये यूपीआई का इस्तेमाल किया है। इस समूचे परिवेश में हम अकेले नहीं हैं, अमेजन की तरह और भी कंपनियां और हमारे प्रतिस्पर्धी सभी यदि मदद करेंगे तो यह चक्र और भी तेजी से घूमेगा।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में सरकारें और संगठन न केवल भारत के आधार, इंडिया स्टेक और यूपीआई को लेकर उत्साहित हैं बल्कि वह अपने देश में भी इस तरह की व्यवस्था को शुरू करने को लेकर काम कर रहे हैं। ग्रांडीनेती ने भारत में आधार, ई-केवाईसी और यूपीआई का जिक्र करते हुए कहा कि प्रणालियों के आधार पर व्यक्तिगत विक्रेताओं को देशभर में ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिली है। इनके जरिये राज्य की सीमाओं पर आर्डर पहुंचाने में भी आसानी हुई है। अमेजन-पे इंडिया के सीईओ महेनद्र नेरुरकर ने इस मौके पर कहा कि 50 लाख छोटे व्यवसायियों और उद्यमियों को डिजिटल भुगतान स्वीकार करने योग्य बनाकर कंपनी इन सभी का डिजिटल भारत में समावेष किए जाने की उ□मीद कर रही है। देश में अमेजन-पे को इस्तेमाल करने वाले 50 लाख छोटे और मझौले व्यवसायियों में से 25 लाख से अधिक खुदरा और किराना स्टोर जेसी दुकानों को चलाते हैं।करीब 10 लाख खाने-पीने के छोटे रेस्त्रां और स्टॉल चलाते हैं। पांच लाख से अधिक सैलून सेवायें, चार लाख के करीब स्वास्थ्य और चिकित्सा देखभाल सेवायें उपल□ध कराते हैं। शेष कुछ टै□सी चालक, आटो चालक, प्लंबर और अन्य प्रकार की सेवायें देते हैं। इन्फोसिस के सह- संस्थापक नंदन नीलेकणि ने इस अवसर पर कहा कि छोटे-मोटे कारोबार ही भारत का भविष्य हैं।

## स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

**नयी दिल्ली वार्ता।** पेट्रोल-डीजल के दाम शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर पर अपरिवर्तित रहे। इससे पहले गुरुवार को कीमतों में बढ़ोतरी की गई थी।अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, आज दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 97.76 रुपये और डीजल की कीमत 88.30 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। दिल्ली में जून में अब तक पेट्रोल का मूल्य 3.53 रुपये और डीजल की कीमत 3.15 रुपये बढ़ चुकी है। इससे पहले मई में पेट्रोल 3.83 रुपये और डीजल 4.42 रुपये महँगा हुआ था।देश के दूसरे शहरों में भी दोनों जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में आज कोई बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में एक लीटर पेट्रोल 103.89 रुपये का और एक लीटर डीजल 95.79 रुपये का बिका। चेन्नई में पेट्रोल 98.88 रुपये और डीजल 92.89 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। कोलकाता में पेट्रोल 97.63 रुपये और डीजल 91.15 रुपये प्रति लीटर के भाव पर टिका रहा।पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## कीमती धातुओं में तेजी

**नयी दिल्ली वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में रही तेजी के बल पर आज घरेलू बाजार में सोने और चांदी में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाज़िर 0.72 प्रतिशत चढ़कर 1787.90 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.59 प्रतिशत बढकर 1786 डॉलर प्रति ओंस पर रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 1.19 प्रतिशत बढकर 26.07 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

# ऑक्सीजन मामले में केजरीवाल के खिलाफ हो प्राथमिकी : कांग्रेस

## कहा, संकट के समय श्री केजरीवाल ने दिल्ली के 183 अस्पतालों के लिए जरुरी 289 एमटी ऑक्सीजन की जगह 1140 एमटी ऑक्सीजन की मांग रखी



**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि कोरोना संकट की दूसरी लहर के समय देश में ऑक्सीजन की भारी कमी के समय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ज़रूरत से बहुत अधिक ऑक्सीजन की मांग की थी और इसका खुलासा उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति ने भी किया है इसलिए उन्हें पद से इस्तीफा देना चाहिए और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।

दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र नाथ ने यहां कहा कि कोविड संकट के समय ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु हुई है। संकट के इस दौर में श्री केजरीवाल ने चार गुणा अधिक ऑक्सीजन की मांग की थी जिसकी वजह से 12 राज्यों की ऑक्सीजन आपूर्ति प्रभावित हुई और दिल्ली सहित कई राज्यों में ऑक्सीजन की कमी से सैंकड़ों लोगों की मौत हुई है और इसके लिए श्री केजरीवाल जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने दिल्ली में ऑक्सीजन तथा कोरोना की दवाओं की बनावटी कमी पैदा की जिसके कारण जमाखोरों और कालाबाजारी करने वालों को फलने-फूलने में मदद मिली है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट से भी साबित हो गया है कि श्री केजरीवाल ने जरूरत से चार गुणा ज्यादा ऑक्सीजन की मांग संकट के उस दौर में की जब देश में ऑक्सीजन के लिए हाहाकार मचा हुआ था।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि संकट के समय श्री केजरीवाल ने दिल्ली के 183 अस्पतालों के लिए जरुरी 289 एमटी ऑक्सीजन की जगह 1140 एमटी ऑक्सीजन की मांग रखी। कमेटी ने माना कि दिल्ली में ऑक्सीजन की अधिक मांग के कारण 12 अन्य राज्यों की ऑक्सीजन आपूर्ति पर असर पड़ा जिसके कारण दिल्ली सहित अन्य राज्यों में कोविड महामारी के दौरान ऑक्सीजन की कमी के कारण सैंकड़ों लोगों की मौत हुई और इसके लिए श्री केजरीवाल जिम्मेदार है।डॉ. नरेन्द्र नाथ ने कहा कि उन दिनों ऑक्सीजन की कमी से दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में 22 अप्रैल को 25 मरीजों, 23 अप्रैल को जयपुर गोल्डन में 20 मरीजों और दो मई को बत्रा अस्पताल में 12 लोगों की मौत हुई जबकि सरकारी अस्पतालों और उनके बाहर एम्बुलेंस तथा घरों में होम आसोलेटड में सैंकड़ों लोगों की मौत हुई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 15 अप्रैल को एक निजी चैनल पर कहा था कि दिल्ली में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है, जबकि दो दिन बाद 17 अप्रैल को 700 एमटी और 10 मई को 946 एमटी ऑक्सीजन की जरुरत की मांग की गई और ऑक्सीजन की कमी की अफवाह फैलाई गई जिसका नतीजा कालाबाजारी हुई।

कांग्रेस ने मांग की कि ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई मौतों के लिए श्री केजरीवाल पर हत्या और अपराधिक लापरवाही का मुकदमा दर्ज होना चाहिए और इसकी जिम्मेदारी लेते हुए श्री केजरीवाल को तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## पुंछ साजिश मामले में सात आतंकवादियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नयी दिल्ली वार्ता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू कश्मीर के पुंछ साजिश मामले में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन (टीयूएम) के सात आतंकवादियों के खिलाफ विशेष अदालत में आरोपपत्र प्रस्तुत किया है।एनआईए के सूत्रों के मुताबिक जिन आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र प्रस्तुत किया गया है, उनमें मोहम्मद मुस्तफा खान, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद फारुक, मोहम्मद इबरार, मोहम्मद जावेद खान, शेर अली और मोहम्मद रफीक सुल्तान हैं। इन पर भारतीय दंड संहिता, शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।आरोपपत्र में कहा गया है कि सभी आरोपी पाकिस्तान स्थित टीयूएम के कर्ताधर्ताओं तथा पुंछ और कुवैत स्थित उनके सहयोगियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने और जम्मू कश्मीर में एक गहरी आपराधिक साजिश रचने में संलिप्त थे।

## रेलवे को 16 भूखंड लीज पर देने से मिलेंगे 1904 करोड़ रुपये



**नयी दिल्ली वार्ता।** रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) ने लखनऊ, अजमेर, सवाई माधौपुर, वाराणसी, अमरावती, भावनगर, कटरा, गुवाहाटी, गोरखपुर, सिकंदराबाद, चेन्नई, दिल्ली और हावड़ा में 16 भूखंडों को पट्टे पर देने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। इससे लगभग 1904 करोड़ राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है।

आरएलडीए के एक प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में बोली के लिए प्रस्तावित इन 16 स्थानों में लखनऊ रेलवे स्टेशन पुनर्विकास, रामगढ़ ताल कॉलोनी (गोरखपुर), गोमती नगर (लखनऊ) स्थित भूखंड, मौला अली फ्लाईओवर (सिकंदराबाद) के पास भूखंड, बुलेवार्ड रोड कॉलोनी (दिल्ली) और साल्ट गोला (हावड़ा) स्थित भूखंड प्रमुख हैं। मार्केट क्षमता और विशिष्ट लोकेशन के कारण ये भूखंड वाणिज्यिक और आवासीय विकास के लिए उपयुक्त हैं।

आरएलडीए के उपाध्यक्ष वेद प्रकाश डुडेजा ने कहा, ये भूखंड रणनीतिक रूप से देश के महत्वपूर्ण शहरों में स्थित हैं और आवासीय व वाणिज्यिक विकास के लिए काफी संभावनाएं रखते हैं। आरएलडीए इन भूखंडों को संभावित डेवलपर्स को लीज पर देगा, जिनके लिए स्थानीय उप-नियमों के अनुसार इन साइटों को विकसित करना अनिवार्य होगा। ये साइटें निवेशकों और डेवलपर्स दोनों के लिए ही विकास के बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। एक बार डेवलपमेंट पूरा हो जाने के बाद, इन साइटों से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और संबंधित क्षेत्रों के रियल एस्टेट मार्केट की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

प्रवक्ता के अनुसार महामारी के प्रभावों से उबरने के लिए आरएलडीए ने भारतीय रेलवे के लिए वित्त वर्ष 2021-22 में 2000 करोड़ रुपए के राजस्व सृजन का लक्ष्य रखा है जो पिछले वित्त वर्ष के मुक़ाबले 352 करोड़ रुपए अधिक है।

आरएलडीए रेलवे भूमि के विकास के लिए रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक संवैधानिक प्राधिकरण है। वर्तमान में आरएलडीए चार प्रकार के प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन लीज पर दे रही है। इसमें कमर्शियल/ रेजीडेंसियल साइट्स, कॉलोनी पुनर्विकास, स्टेशन पुनर्विकास और मल्टी फंक्शनल कम्प्लेक्स शामिल हैं।भारतीय रेलवे के पास पूरे भारत में लगभग 43 हजार हेक्टेयर खाली भूमि है। साथ ही, आरएलडीए के पास लीज पर देने के लिए देश भर में 84 वाणिज्यिक ग्रीनफ़ील्ड साइटें हैं और प्रत्येक के लिए पात्र डेवलपर्स को एक खुली और पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाएगा।

आरएलडीए वर्तमान में 84 रेलवे कॉलोनी पुनर्विकास परियोजनाओं को संभाल रहा है। आरएलडीए को रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के साथ भी अनिवार्य किया गया है और वर्तमान में यह चरणबद्ध तरीके से 60 रेलवे स्टेशनों पर काम कर रहा है, जबकि इसकी सहायक कंपनी आईआरएसडीसी देश भर के 63 अन्य रेलवे स्टेशनों पर कार्य कर रही है।

## वायु सेना प्रमुख ने साइबर सुरक्षा को अभेद्य बनाने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली वार्ता।**सैन्य क्षेत्र में उच्च प्रौद्योगिकी के बढ़ते इस्तेमाल के मद्देनजर वायु सेना प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि चाक चौबंद साइबर सुरक्षा समय की जरूरत है।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने आज यहां संपन्न पश्चिम वायु कमान के दो दिन के सममेल को संबोधित करते हुए सेना को इस बारे में आगाह किया। कोरोना महामारी के चलते मिश्रित माध्यम से आयोजित सम्मेलन में उन्होने गहन विश्लेषण और संक्रियात्मक यानी संचालन तैयारियों को उन्नत बनाने के उपायों, रखरखाव के तरीकों में सुधार और अभेद्य साइबर सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कमांडरों को सभी प्लेटफॉर्म्स, शस्त्र प्रणाली और परिसंपत्तियों की उच्च स्तर पर संक्रियात्मक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सम्मेलन में कुछ अधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हिस्सा लिया। महामारी की चुनौतियों के बावजूद उत्तरी सीमा पर हाल ही में उभरे तनाव में त्वरित प्रतिक्रिया और उच्च समर्पण के प्रदर्शन के लिए वायु सेना अध्यक्ष ने पश्चिम वायु कमान के सभी वायु सेना प्रतिष्ठानों की प्रशंसा की।

## लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान देने की मांग




**नयी दिल्ली वार्ता।** देश में आपातकाल समाप्त होने की 46वीं वर्षगांठ के मौके पर लोकतंत्र सेनानी संघ ने आज मांग की कि आपातकाल के इतिहास को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने के साथ ही इसके खिलाफ संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को पूरा सम्मान दिया जाये।

राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी की अध्यक्षता वाले मीसा कानून के तहत बंदी बनाये गये लोगों के लोकतंत्र सेनानी संघ के सदस्यों ने राजधानी के जंतर मंतर पर आपातकाल की बरसी मनायी और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को एक ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने शिरकत की।

ज्ञापन में कहा गया कि आज से 46 वर्ष पूर्व इंदिरा गाँधी सरकार द्वारा आपातकाल लगा कर देश में लोकतंत्र का अपहरण कर अभूतपूर्व तानाशाही घोषित की गयी थी। लगभग 19 माह की इस तानाशाही के दौरान मीसा /डी आई आर जैसे काले कानून लागू कर लोकनायक जयप्रकाश नारायण समेत सभी विपक्षी नेताओं एवं लाखों की संख्या में अन्य लोकतंत्र की बात करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उस दौर में अपील. वकील, दलील का कोई अर्थ नहीं रह गया था। भारतीय लोकतंत्र के उस अभूतपूर्व काले दौर को आज की पीढ़ी नहीं जानती है।

लोकतंत्र सेनानी संघ ने मांग की कि आपातकाल (1975-1977) लोकतंत्र के उस काले दौर का स्मरण आने वाली पीढ़ियों को कराने के वास्ते आपातकाल को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। इससे आपातकाल खंड की कभी विस्मृति नहीं होगी तथा कोई भी शासक पुनः ऐसा नहीं कर सकेगा। संघ ने आपातकाल के विरुद्ध अभूतपूर्व संघर्ष कर लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने वाले समस्त लोकतंत्र सेनानियों को चिन्हित व सम्मानित करने तथा उन्हें प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना का लाभ देने और सम्मान निधि सहित कुछ अन्य सुविधाएं भी प्रदान करने की मांग की।

## दिल्ली मेट्रो ने पिंक लाइन के त्रिलोकपुरी खंड का सिविल कार्य पूरा करने के लिए अपनाया अलग तरीका



**नयी दिल्ली वार्ता।** पिंक लाइन के त्रिलोकपुरी सेक्शन पर शीघ्र कार्य पूरा करने के लिए दिल्ली मेट्रो ने पारंपरिक कंक्रीट गर्डरों के बजाय स्टील गर्डरों का इस्तेमाल करते हुए निर्माण कार्य का एक अलग तरीका अपनाया है।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के अनुसार कंक्रीट गर्डरों के निर्माण के लिए कास्टिंग यार्ड स्थापित करने की जरूरत पड़ती और इतने छोटे खंड के लिए कम समय में कास्टिंग यार्ड स्थापित करना व्यावहारिक नहीं होता। अतः इस खंड पर स्टील गर्डर इंस्टाल किए गए हैं।

इस 290 मीटर लंबे सेक्शन पर 10 स्पैन के बीच 40 स्टील गर्डर लगाए गए स्टील गर्डर लगाए गए हैं। ये स्टील गर्डर अंबाला स्थित एक वर्कशॉप में तैयार करके यहां लाए गए हैं। इससे न केवल समय की बचत हुई बल्कि कंक्रीट गर्डर बनाने के लिए एक अलग कास्टिंग यार्ड बनाने की जरूरत भी नहीं पड़ी।

इन स्टील गर्डरों को स्थापित किए जाने तथा डेक स्लैब की कास्टिंग का कार्य अप्रैल माह में कोविड महामारी की दूसरी लहर आने से ठीक पहले पूरा किया जा चुका था। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी क्योंकि, इस खंड के सिविल निर्माण कार्य वर्ष 2020 के आरंभ में शुरु किए गए थे और महामारी के कारण लगने वाले लॉकडाउन तथा श्रमिकों के उपलब्ध न होने जैसे मुद्दों के कारण इन कार्यों को बार-बार रोकना पड़ा। अब, मयूर विहार पॉकेट-1 और त्रिलोकपुरी संजय लेक के बीच वाले खंड पर सिविल कार्य पूरे हो जाने के बाद, ट्रैक बिछाने तथा अन्य सहायक कार्य शुरु किए जा चुके हैं। इसके अलावा, ओवरहैड इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य भी जारी है

इसी माह के अंत तक ट्रैक बिछाने का कार्य पूरा होने की उम्मीद है। उसके बाद आरंभिक ट्रायल शुरु किए जाने संभावित हैं। इस खंड विशेष पर कार्यों को शीघ्रता से निपटाए जाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी संबंधित प्राधिकारियों से अनिवार्य क्लीयरेंस मिलने के तत्काल बाद इस सेक्शन को चालू कर दिया जाएगा।

इसके पूरा हो जाने के बाद, यह सेक्शन पिंक लाइन के दोनों छोर से जुड़ जाएगा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की दूर-दराज तक फैली बस्तियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा। इस कॉरिडोर के माध्यम से महत्वपूर्ण परिवहन हब जैसे निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, सराय काले खां आईएसबीटी, आनंद विहार रेलवे स्टेशन, आनंद विहार आईएसबीटी, दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन और दिल्ली हाट-आईएनए, सरोजिनी नगर और लाजपत नगर जैसे प्रमुख बाजार सीधे आपस में जुड़ जाएंगे।

पिंक लाइन के वर्तमान सेक्शन वर्ष 2019 में ही चालू हो चुके थे, इस छोटे से खंड में निर्विवादित भूमि की अनुपलब्धता के कारण देरी हुई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करने के बाद, भूमि का अधिग्रहण हो सका था। परियोजना प्रभावित लोगों के पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन का कार्य पूरा होने के बाद ही निर्माण कार्य आरंभ और संपन्न हो पाया।

## नव नियुक्त 2103 शिक्षकों को टैब उपलब्ध करवाएगी दिल्ली सरकार



**नयी दिल्ली वार्ता।** दिल्ली सरकार शिक्षकों को हाईटेक बनाने की मुहिम के तहत शिक्षा निदेशालय में नवनियुक्त हुए 2103 शिक्षकों को टैब उपलब्ध करवाएगी।उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है इसी दिशा में सरकार अपने सभी शिक्षकों को टैबलेट्स उपलब्ध करवाती है ताकि शिक्षक अपने शिक्षण में तकनीकी का प्रयोग कर विद्यार्थियों को लर्निंग के बेहतर अनुभव दे सकें। सरकारी स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने और शिक्षकों को हाईटेक बनाने की मुहिम के तहत दिल्ली सरकार अपने सभी शिक्षकों को टैब उपलब्ध करवाती है। वर्ष 2018-19 सत्र में भी दिल्ली सरकार की ओर से शिक्षा निदेशालय के 60555 शिक्षकों को टैब दिया गया था।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में शिक्षण में तकनीकी का समावेश करना बेहद ज़रूरी है। तकनीकी टीचिंग-लर्निंग गतिविधि को सरल बनाती है और विद्यार्थी तकनीकी के माध्यम से ज़्यादा बेहतर ढंग से सीखते है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई न रुक सके इसके लिए नव-नियुक्त किए गए शिक्षकों को भी सरकार टैबलेट्स उपलब्ध करवा रही है ताकि वो ऑनलाइन माध्यम से अपने विद्यार्थियों से जुड़े रहे और टीचिंग-लर्निंग प्रोसेस सुचारू रूप से चलता रहे।उन्होंने कहा कि शिक्षकों को दिए जा रहे इन टैब में शिक्षा पर आधारित ऐप एवं शिक्षण सहायक सामग्री अपलोड होती है जो शिक्षण गतिविधियों को सुचारू बनाने में मदद करती है। इन टैबलेट्स के माध्यम से शिक्षक अपने शिक्षण में नवाचारों और तकनीक को जोड़ने का काम करते है जिससें शिक्षण की प्रक्रिया रोचक बन जाती है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों से संबंधित सभी डेटा भी इन टेबलेट्स के माध्यम से नियमित रुप से शिक्षा निदेशालय के वेबसाइट पर रियल-टाइम में अपलोड करते हैं।

## रेलवे सुरक्षा का ऐप बन कर तैयार, चलती गाड़ी में दर्ज होगी रिपोर्ट




**नयी दिल्ली वार्ता।** भारतीय रेलवे का एक संयुक्त रेल सुरक्षा मोबाइल ऐप तैयार हो चुका है जिससे गाड़ियों में होने वाले अपराधों की चलती गाड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराना और उस पर शीघ्रता से नियंत्रण पाना संभव हो पायेगा।आरपीएफ के महानिदेशक अरुण कुमार ने यहां एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) का यह संयुक्त ऐप बन कर तैयार हो गया है। कोविड महामारी के कारण उसे लॉन्च नहीं किया जा सका था। जल्द ही उसे लोकार्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉमन रेलवे सिक्योरिटी ऐप में मौका ए वारदात पर पीड़ित पक्ष के बयान एवं रिपोर्ट को ऑनलाइन दर्ज करने, सहयात्रियों के बयान दर्ज करने की सुविधा होगी जिसके आधार पर सुरक्षा बल अपनी आवश्यक कार्रवाई शुरू कर सकते हैं। यात्री भी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आराम से घर जा सकेगा और वह ऐप पर अपनी रिपोर्ट पर कार्रवाई की निगरानी भी कर सकता है।श्री कुमार ने कहा कि इस ऐप को कोई भी यात्री अपने मोबाइल पर लोड कर सकता है। गाड़ियों में चलने वाले रेलवे स्टाफ और आरपीएफ एवं जीआरपी के कर्मियों के पास भी यह मोबाइल ऐप होगा।

## सत्येन वैद्य हिमाचल हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त

**नयी दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने श्री सत्येन वैद्य को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है।विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि श्री कोविंद ने संविधान के अनुच्छेद 224 के उपबंध-एक के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए श्री वैद्य को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है।उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी और दो साल की अवधि के लिए होगी।श्री वैद्य ने तीन नवम्बर 1986 को वकालत पेशे की शुरुआत की थी और 31 साल से अधिक का उन्हें अनुभव है।

## केजरीवाल के झूठ के कारण 12 राज्यों में ऑक्सीजन आपूर्ति हुई बाधितः भाजपा

**नयी दिल्ली,वार्ता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके झूठ के कारण 12 राज्यों में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हुई, अगर इन राज्यों को ऑक्सीजन मिल जाता तो बहुत लोगों की जान बच सकती थी।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा शुक्रवार को यहाँ एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री केजरीवाल ने ऑक्सीजन को लेकर दूषित राजनीति करके जघन्य अपराध किया है, इस आपराधिक लापरवाही के लिए उन्हें उच्चतम न्यायालय में दोषी ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने ऑक्सीजन रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, श्री केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि उन्होंने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के दिशा निर्देशों के अनुसार ऑक्सीजन की ज़रूरत की गणना की थी, मगर जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने श्री केजरीवाल से आईसीएमआर की दिशा निर्देशों की प्रति मांगी तो उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। श्री केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला जिसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।श्री पात्रा ने आगे कहा, छह मई को श्री केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन करके 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की मांग की थी। उसके कुछ घंटे बाद उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने कहा था कि उन्हें 976 मीट्रिक टन ऑक्सीजन चाहिए। एक ही दिन में दो अलग-अलग आंकड़ा बताया गया। यह कहीं न कहीं एक साजिश के तहत किया गया है, दिल्ली सरकार ने अपनी गलती छिपाने के लिए केंद्र पर दोषारोपण किया।

## आंध्र में 12वीं की परीक्षा रद्द कराने संबंधी याचिका का निपटारा

**नयी दिल्ली, वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में 12वीं की परीक्षा रद्द कराने संबंधी याचिका का शुक्रवार को निपटारा कर दिया।आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश हो रहे दुष्यंत दवे ने न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की अवकाशकालीन खंडपीठ को अवगत कराया कि कल उनकी चर्चा मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से हुई थी और उनकी (श्री दवे की) सलाह पर मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है।खंडपीठ ने श्री दवे के इस प्रयास की सराहना की और मामले का निपटारा कर दिया।यह याचिका ममता शर्मा ने दायर की थी। दरअसल कोरोना महामारी की विभीषिका के मद्देनजर 12वीं की परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर उन्हें शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा परीक्षा आयोजित कराने के फैसले की आलोचना की थी।

## पिनाका के अधिक दूरी तक मार करने वाले संस्करण का सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली वार्ता।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ ने अधिक रेंज तक मार करने वाले स्वदेशी पिनाका रॉकेट का सफल परीक्षण किया है।ओडिशा की एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर में गुरुवार और शुक्रवार को ये परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए। इस दौरान लंबी दूरी के 25 पिनाका रॉकेट अलग-अलग लक्ष्यों को भेदने के लिए दागे गए। परीक्षण के दौरान मिशन के सभी लक्ष्य हासिल किए गए। पिनाका रॉकेट का यह संस्करण 45 किलोमीटर दूर तक लक्ष्य को भेद जा सकता है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और से जुड़े उद्योग को बधाई दी है।

## एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में बना रहेगा पाकिस्तान

**पेरिस वार्ता।** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने पांच दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान ग्रे सूची के रूप में जाने जाने वाले विस्तृत निगरानी सूची में बना रहेगा।

पाकिस्तान के अखबार डॉन की रिपोर्ट के अनुसार एफएटीएफ अध्यक्ष डॉ. मार्कस प्लेयर ने कहा, पाकिस्तान ने महत्वपूर्ण प्रगति की है और उसने 27 में से 26 उपायों को बड़े पैमाने पर पूरा किया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय आतंकवाद पर कार्य योजना पर अभी भी अमल करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा, 2019 में एफएटीएफ के क्षेत्रीय साझेदार ने पाकिस्तान के हवाला कारोबार रोधी उपायों में समस्याओं की पहचान की और उसके अनुसार इसमें कुछ सुधार हुआ है। हवाला कोरोबार का हालांकि खतरा अभी भी बना हुआ है और एफएटीएफ ने इस संबंध में पाकिस्तान के साथ चर्चा की है।श्री प्लेयर ने कहा कि सभी कार्य योजना मदों को पूरा करने की आवश्यकता है और देशों को ग्रे सूची से बाहर निकलने के लिए लक्ष्यों को पूरा करना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा था कि देश की हालिया प्रगति को देखते हुए वित्तीय निगरानी संस्था के पास पाकिस्तान ग्रे लिस्ट में रखने का कोई औचित्य नहीं है।

## बंगलादेश में राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन कभी भी लगाया जा सकता हैः फरहाद हुसैन

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए सरकार ने कहा है कि इससे निपटने के लिए दो हफ्ते का लॉकडाउन कभी भी लगाया जा सकता है।लोक प्रशासन राज्य मंत्री फरहाद हुसैन के मुताबिक कोरोना संक्रमण से हालात काफी गंभीर होते जा रहे हैं और सरकार पूरी तरह दो हफ्ते का लाकडाउन लगाने के लिए तैयार है। इस आशय की घोषणा कभी भी की जा सकती है और पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार के प्रतिबंध काफी कड़े होंगे।गौरतलब है कि गुरुवार को राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समिति (एनटीएसी) ने दो सप्ताह के राष्ट्वव्यापी लॉकडाउन की सिफारिश की थी।एनटीएसी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ शहीदुल्लाह ने बताया कि यह काफी सख्त लॉकडाउन होगा जिसमें आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी कार्यालय बंद रहेंगे और लोगों की आवाजाही भी बंद रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह की स्थितियां बनती जा रही हैं, उसे राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बगैर नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि ढाका के समीप और आसपास के सात जिलों में पहले ही लॉकडाउन लगाया जा चुका है लेकिन अब जो स्थितियां बनती जा रही है, उसे देखते हुए हमने सभी आवश्यक उपाय कर दिए हैं और सरकार इस आशय के निर्णय पर कभी भी पहुंच सकती है। फिलहाल कोरोना की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और इस बार का लॉकडाउन पहले की तुलना में काफी सख्त होगा।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी, प्रकाशक / मुद्रक-उरूषा इमरान द्वारा विश्नू ऑफसेट,वैसी की मस्जिद,भानमती चौराहा हुसैनगंज,लखनऊ से मुद्रित कराकर 126/21/1, राना होटल, इस्लामिया कालेज के सामने, लालबाग लखनऊ (उ.प्र.)- 226001 से प्रकाशित।

*संपादक - इमरान हसन सिद्दीकी, RNI NO. UPHIN/39063, MOB.- 9935403111, प्रबंध संपादक- एस.वी.सिंह उजागर, मो- 9451988443, E-Mail : sindhutimes99@gmail.com फोन -0522-4029211 (नोट- किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)